


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र


प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-288 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर छात्र संगठनों का चक्का जाम, सड़क पर उतरे छात्र

### पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल कर किया लाठीचार्ज



पटना, (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी पिछले कई दिनों से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, रविवार को प्रदर्शन के दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच झड़प हुई, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इसके बाद सोमवार को कई छात्र संगठनों ने चक्का जाम की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद सोमवार को छात्र संगठन के लोग सड़कों पर उतरे, जिससे यातायात पर प्रतिकूल असर देखा जा रहा है। अरवल में चक्का जाम समर्थक सोमवार की सुबह सड़क पर उतर गए और सड़क जाम कर दिया। पटना में लाठी चार्ज के खिलाफ लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया। इस बंद में अभ्यर्थियों के अभिभावक भी सड़क पर उतरे ।प्रदर्शनकारियों ने जिला मुख्यालय स्थित भगत सिंह चौक पर पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और यातायात को पूरी तरह बाधित कर दिया, जिससे पटना औरंगाबाद एनएच 139 और अरवल -जहानाबाद एनएच 110 पर यातायात ठप हो गया।बंद समर्थकों ने प्रश्नपत्र लीक होने की जांच की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने का कहना है कि संयुक्त छात्र मोर्चा ने चक्का जाम की घोषणा की है और हम आम लोग भी सड़क पर उतरे हैं। इधर, दरभंगा के लहेरियासराय स्टेशन पर आइसा के कार्यकर्ता पहुंचे और सप्तक्रांति एक्सप्रेस को रोके रखा। प्रदर्शनकारी इंजन पर चढ़ गए।आंदोलन का नेतृत्व कर रहे युवा राजद के महानगर राकेश नायक ने कहा कि हम लोग आज बिहार के नौजवान के आवाज और आंदोलन को बुलंद करने के लिए सड़क पर उतरे हैं। बिहार के मुखिया नीतीश कुमार उनके आवाजों का दमन कर रहे हैं। यहां के नौजवान गरीब और किसान परिवार से आते हैं। यहां के शिक्षा माफियाओं के द्वारा परीक्षा में गड़बड़ी कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार को जब अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, तब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की।



सोमवती अमावस्या के अवसर पर पवित्र स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर की पौड़ी पर एकत्रित हुए।

### 15 फीट ऊंचे मंच से गिरीं विधायक, फटा सिर, हालत नाजुक, आयोजकों के खिलाफ केस दर्ज

नई दिल्ली (आरएनएस)। केरल में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित एक डांस इवेंट के दौरान थ्रिक्काकरा की विधायक उमा थॉमस मंच से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। करीब 15 फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण विधायक के सिर और फेफड़ों में चोट आई है। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस बीच प्रशासन ने आयोजकों के खिलाफ एक्शन लिया है और केस दर्ज कर लिया गया है। अस्पताल की ओर से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि सीटी स्कैन से सिर में ग्रेड 2 डिफ्यूज एक्सोनल चोट का पता चला है। इसके अलावा, सर्वाइकल स्पाइन में भी चोटें पाई गई हैं और गिरने के कारण चेहरे और पसलियों में फ्रैक्चर है, जिससे फेफड़ों में ब्लीडिंग हो रही है।

## सोमवती अमावस्या पर नर्मदा तट पर उमड़ा जनसमुदाय

### लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई मां नर्मदा की जलधारा में आस्था की डुबकी

नर्मदापुरम (निप्र)। पौष माह की सोमवती अमावस्या के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा की जलधारा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ लिया। प्रत्येक घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की कतार पहुंच चुकी थी। नर्मदा और तवा के संगम स्थल बांद्राभान के रेतीली मैदान में सूर्यदेव की पहली किरण निकलने से पहले ही स्नान का क्रम शुरू हो गया था। जो पूरे दिन जारी रहा। स्नान करने वालों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए होमगार्ड सैनिकों और पुलिस बल के द्वारा मोटर वोट से पेट्रालिंग की गई। वहीं जिला मुख्यालय से गोताखोर भी मौजूद रहे। बडी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा देवालयों में पूजन अर्चन की जा रही थी। रेल और बसों में भी भीड रही।

## नियंत्रण रेखा पर अत्याधुनिक ड्रोन आतंकवादियों की नापाक हरकतों को विफल करने में साबित हो रहे मददगार

पुंछ, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर बर्फबारी के बाद दुश्मन की नापाक हरकतों की आशंका बढ़ जाती है। दुश्मनों पर नजर रखने के लिए भारतीय सेना अत्याधुनिक ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दशकों से अधिक समय से नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों की तरफ से घुसपैठ, ड्रग्स की तस्करी और भारतीय सेना के जवानों को निशाना बनाने जैसी नापाक हरकतों को अंजाम देने के लगातार प्रयास होते रहे हैं।पुंछ जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद दुश्मन और आतंकवादियों की नापाक गतिविधियों की संभावना बढ़ जाती है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारतीय सेना को नियंत्रण रेखा पर अधिक सतर्कता बरतनी पड़ती है। भारतीय सेना के पास मौजूद अत्याधुनिक ड्रोन अब दुश्मन और आतंकवादियों की इन नापाक हरकतों को विफल करने में मददगार साबित हो रहे हैं।



## पंजाब बंद के दौरान किसानों का राहगीरों और पुलिस से पड़ा पंगा, किसानों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश



जालंधर ,(आरएनएस)। किसान फसलों की रूस्क पर गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर अंदोलन कर रहे है। जिस कारण आज पूरा पंजाब बंद है। किसानों ने सुबह 7 बजे हाईवे बंद कर दिए। अमृतसर-दिल्ली और जालंधर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर किसान बैठ गए हैं। फिरोजपुर रेल मंडल के डीआरएम संजय साहू ने बताया कि किसानों ने बंद की सूचना रेलवे को दी है जिसके बाद वंदे भारत, शताब्दी एक्सप्रेस सहित 163 ट्रेनें कैंसिल कर दी गई हैं। इस बीच कई जगह किसानों और पुलिस के बीच नोकझोक की खबरें सामने आ रही है ।जालंधर में पैदल यात्रियों को रोकने पर किसानों और पुलिस में नोकझोंक हुई। वहीं लुधियाना में बस्ती जोधेवाल चौक और खन्ना में जाम लगाने को लेकर किसानों और लोगों के बीच बहस हुई। वहीं, जालंधर में बारात किसानों के जाम में फंस गई। इनमें दूल्हे की कार भी थी। हालांकि दूल्हे ने बाहर निकालकर किसान यूनियन का झंडा पकड़ा और किसानों की जिंदाबाद के नारे लगाए। फिर वह बारात लेकर आगे चला गया।

लाडोवाल टोल प्लाजा पर एक व्यक्ति ने जाम लगा रहे किसान पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। उसने कहा कि गलती से ऐसा हुआ। जाम के दौरान एंबुलेंस आने पर किसान खुद उसके लिए रास्ता बनाकर आगे रवाना कर रहे हैं।

## पांच गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने प्रदेश की संस्कृति और कला को दिलाई वैश्विक पहचान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मध्यप्रदेश की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का रचा जा रहा नया इतिहास



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सांस्कृतिक अभ्युदय के नए युग में प्रवेश कर रहा है। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के द्वारा स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का नया इतिहास रचा जा रहा है। सांस्कृतिक संवहन के क्रम में प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह का स्वर्ण जयंती वर्ष और तानसेन समारोह का शताब्दी वर्ष का गौरवशाली आयोजन किया गया। हमारे देश में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परम्परा के गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखने की परम्परा निरंतर विद्यमान रही है। सांस्कृतिक आयोजनों और धरोहरों को आज की पीढ़ी से जोड़ते हुए ताल दरबार, कथक कुंभ, उज्जैन डमरू वादन, गीता पाठ और शास्त्रीय बैंड में बने पांच गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने प्रदेश की संस्कृति और कला को वैश्विक पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि संगीत सम्राट तानसेन की नगरी ग्वालियर में तानसेन समारोह के अवसर पर भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम की धुन पर ग्वालियर किले की प्राचीर पर ताल दरबार में 1282 तबला साधकों ने मध्यप्रदेश के शास्त्रीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाई है। यूनेस्को द्वारा चयनित संगीत नगरी में राष्ट्रीयता का उद्घोष करते हुए कला साधकों ने प्रदेश के इतिहास, संस्कृति और संगीत की त्रिमूर्ति को 25 दिसंबर 2023 को पहली बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहों के कंदरिया महादेव मंदिर के विशाल प्रांगण में अन्तर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह के दौरान राग बसंत की लय पर 20 फरवरी 2024 को 1484 कथक नृत्य साधकों के थिरकते कदमों ने दूसरा गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड रच दिया। कथक कुंभ में हाथों में दीपक लेकर जब लय और ताल के साथ घुंघरू साधकों के कदम मिले तब भारतीय संस्कृति और परंपरा एक साथ मुस्कुरा उठीं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि पवित्र श्रावण मास में उज्जैन में भगवान श्रीमहाकालेश्वर श्री चंद्रमौलेश्वर के रूप में पालकी में, हाथी पर श्री मनमहेश के रूप में और गरूड़ रथ पर श्री शिव-तांडव स्वरूप में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकले। उनका स्वागत करते हुए 5 अगस्त 2024 को महाकाल लोक के शक्तिपथ पर 1500 से अधिक डमरू वादकों ने एक साथ एक समय-समय में लयबद्ध डमरू वादन कर तीसरा विश्व कीर्तिमान रचा। यह सिर्फ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड नहीं था बल्कि बाबा महाकाल की नगरी से देश के आध्यात्मिक पुनरुत्थान का शंखनाद था।

## मिशन SPADEX लॉन्च : ISRO की लंबी छलांग, देश को दिया न्यू ईयर गिफ्ट



श्रीहरिकोटा ,(आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पीएसएलवी रॉकेट के जरिए किए जाने वाले अपने Spade& मिशन ('स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट ) को लॉन्च कर दिया गया है. इसरो के वैज्ञानिकों ने प्रक्षेपण के बाद खुशी जताई और इसे भारत के लिए एक और अहम उपलब्धि माना.स्पाडेक्स कक्षीय डॉकिंग में भारत की क्षमता स्थापित करने का एक महत्वाकांक्षी मिशन है, जो भविष्य में मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन और उपग्रह सेवा मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है. अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' के लिए यह एक किफायती प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है, जिससे भारत, चीन, रूस और अमेरिका जैसी विशिष्ट सूची में शामिल हो जाएगा. स्पैडेक्स मिशन में 'स्पेसक्राफ्ट ए में हाई रेजोल्यूशन कैमरा है, जबकि 'स्पेसक्राफ्ट बी में मिनिएचर मल्टीस्पेक्ट्रल पेलोड और रेडिएशन मॉनिटर पेलोड शामिल हैं. ये पेलोड हाई रेजोल्यूशन वाली तस्वीर, प्राकृतिक संसाधन निगरानी, वनस्पति अध्ययन आदि प्रदान करेंगे।

### केंद्रीय मंत्री के घर के पास दिनदहाड़े मर्डर, युवक को घर में घुस कर मारी गोली; 13 लाख की लूट को दिया अंजाम

रांची, (आरएनएस)। झारखंड की राजधानी रांची में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के घर के पास सोमवार को बदमाशों ने सुमित कुमार नामक युवक को गोली मारकर उससे 13 लाख रुपये लूट लिए। वह आईटीसी कंपनी में काम करता था और आईसीआईसीआई बैंक में पैसे जमा कराने आया था।रक्षा राज्य मंत्री के घर के पास दिनदहाड़े गोली चलने और 13 लाख रुपये की लूट की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही सुखदेव नगर थाना पुलिस के साथ डीएसपी, एसपी समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए। पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके और उन्हें पकड़ने के प्रयास तेज किए जा सकें। घटना स्थल पर पहुंचे सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि घायल सुमित कुमार खतरे से बाहर है। ऐसा प्रतीत होता है कि पूरी प्लानिंग के साथ इस घटना को अंजाम दिया गया है। पहले पूरी रेकी की गई है।




## 150 साल पुरानी प्रयागराज की धरोहर का दीदार कर सकेंगे महाकुंभ आने वाले श्रद्धालु

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। महाकुंभ भारत की सनातनी परंपरा का धार्मिक और सांस्कृतिक महापर्व है। जनवरी 2025 में प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे इस महापर्व को दिव्य और भव्य स्वरूप देने में जुटी प्रदेश की योगी सरकार इसकी परंपराओं का संरक्षण करते हुए कुंभ नगरी की सांस्कृतिक धरोहरों का भी संरक्षण कर रही है।

प्रयागराज शहर की एक धार्मिक पहचान होने के साथ ही कई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के साथ भी इसका नाम जुड़ा है। इसी के अंतर्गत आता है नगर निगम परिसर स्थित भवन, जिसके जीर्णोद्धार का कार्य प्रयागराज नगर निगम द्वारा करवाया जा रहा है। ब्रिटिश काल में सन् 1865 के करीब संगम नगरी में बने सबसे पुराने 'ग्रेट नॉर्दर्न' होटल और बाद में नगर निगम कार्यालय में तब्दील इस 150 वर्ष से अधिक पुराने भवन का 9 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। कायाकल्प के बाद प्रयागराज वासियों समेत महाकुंभ में आने वाले पर्यटक भी यह ऐतिहासिक भवन देख सकेंगे।

नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग का कहना हैं कि यह भवन प्रयागराज की धरोहर है, इसे संरक्षित रखने की पहल नगर निगम ने की है। महाकुंभ से पहले इस भवन के जीर्णोद्धार का काम पूरा हो जाएगा। अपने नए रंग रूप में यह भवन पर्यटकों को आकर्षित करेगा। इस ऐतिहासिक इमारत में आजादी के पूर्व देश की आजादी में हिस्सा लेने वाले बुद्धिजीवी समाज की बैठकें होती थीं। 1930 के दशक में ब्रिटिश सरकार ने इस भवन को प्रशासनिक भवन में तब्दील कर दिया था।प्रयागराज नगर निगम के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सलाहकार सूरज वीएस ने बताया कि दिसंबर 2020 में नगर निगम के भवन में एक कमरे की छत गिर गई थी, इसके बाद इस पूरे भवन को गिराकर नया भवन बनाने पर विचार किया गया था। डेढ़ सौ साल से अधिक पुराने भवन को गिराने से पहले पुरातत्व विभाग से राय ली गई। एएसआई, एमएनआईटी प्रयागराज और आईआईटी मुम्बई से इस भवन के विषय में परामर्श लिया गया। 2020-21 में एएसआई की रिपोर्ट आने के बाद नगर निगम की इस बिल्डिंग को धरोहर बताते हुए इसका संरक्षण करने की सलाह दी गई।



150 वर्ष पहले इस भवन का निर्माण ईको फ्रेंडली चीजों से करवाया गया था, इसलिए अब इसका कायाकल्प इन्हीं चीजों से करवाया जा रहा है। इस भवन में पहले मरम्मत के दौरान जो भी नई चीजें लगाई गई थीं, जैसे सीमेंट का प्लास्टर, फर्श की टाइलें, खिड़कियां-दरवाजे, उन्हें अब हटाया जा रहा है, ताकि भवन को असली स्वरूप में वापस लाया जा सके।

इससे भवन का तापमान प्राकृतिक रूप से ठंडा रहेगा और गर्मी में भी एयर कंडीशनर का कम इस्तेमाल किया जाएगा। यह तरीका पर्यावरण के अनुकूल भी है, क्योंकि इसमें प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुंबई की सवानी हेरिटेज जीर्णोद्धार का काम कर रही है, जो दिसंबर के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद इस भवन में 'फसॉड लाइटिंग' भी लगवाई जाएंगी।

### टक्कर मारने के बाद बाइक को 2 किमी तक घसीटता रहा बोलेरो चालक, निकलती रही चिंगारी

मुरादाबाद (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले से एक बेहद ही दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक बोलेरो गाड़ी एक बाइक को टक्कर मारकर कई किलोमीटर तक घसीटती हुई जा रही है। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है।



यह घटना संभल विधानसभा क्षेत्र के मुरादाबाद मार्ग पर हुई। जानकारी के मुताबिक, संभल सदर कोतवाली इलाके के मुरादाबाद मार्ग का मामला है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बोलेरो गाड़ी ने पीछे से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बोलेरो के नीचे फंस गई और गाड़ी उसे कई किलोमीटर तक घसीटती रही। इस दौरान बाइक से चिंगारियां निकलती रहीं और सड़क पर काले निशान पड़ गए।हादसे के बाद बोलेरो का चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। जबकि बाइक सवार को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। इस घटना का वीडियो किसी अन्य वाहन चालक ने रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बोलेरो पर भाजपा का स्टीकर लगा हुआ है।





# सभी विकास कार्य नियोजित ढंग से और तय समय-सीमा में ही पूरे करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने रीवा एवं शहडोल संभाग में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी प्रकार के लंबित अधोसंरचनात्मक विकास एवं निर्माण कार्य नियोजित ढंग से जल्द से जल्द पूरे किए जाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई कमी न रहे। कार्य की गुणवत्ता से ही अधिकारियों का कार्य प्रदर्शन मूल्यांकन किया जाएगा। सुनिश्चित करें कि सभी प्रकार के कार्य तय समय-सीमा में ही पूरे हों।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में रीवा एवं शहडोल संभाग के विकास एवं निर्माण कार्यों संबंधी उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को उक्त आशय के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य मापदंडों के अनुरूप या गुणवत्ताविहीन पाए गए, तो इसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे।

बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र कुमार शुक्ल, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, रीवा संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव जे.एन. कंसोटिया, शहडोल संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई सहित अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, प्रमुख सचिव संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में दोनों संभागों के सांसद, विधायक भी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में जल संसाधन विभाग/म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा विभाग, वन विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन एवं आवास विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास,जनजातीय कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा, संस्कृति विभाग से जुड़े बिन्दुओं एवं लंबित कार्यों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

### जन-प्रतिनिधियों के सुझाव सुनें, उन पर अमल भी करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में जन-प्रतिनिधियों के सुझाव लिये ही जाने चाहिए। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने



विभाग के निर्माण कार्यों के संबंध में स्थानीय सांसद, विधायक एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद करें, उनसे सुझाव लें और इन सुझावों को अमल में भी लाएं। उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यों के पूरा होने से जनता को तुरंत राहत एवं सुविधा मिले ऐसे निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएं।

### प्रभारी अपर मुख्य सचिव करें जिलेवार समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संभाग स्तरीय बैठकों में जिले के जन-प्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है। इसलिए अब सभी संभागों के प्रभारी अपर मुख्य सचिव पहले जिलेंवार समीक्षा करें, सभी विधायकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बात और सुझाव सुनें, इसके बाद ही संभाग स्तर की बैठक में समन्वित रूप से लंबित निर्माण कार्यों की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सीधी जिले की गोड सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। सीधी - सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग के उन्नयन कार्य की पूर्णता में आ रहे अवरोधों को दूर कर शेष काम भी शीघ्रता पूर्वक पूरा कराया जाए।

### मैहर एवं मऊगंज में बनेगा नया कलेक्ट्रेट

रीवा संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव ने बताया कि रिडेन्सीफिकेशन योजना के अंतर्गत नवगठित मैहर एवं मऊगंज जिले में नवीन कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण किया जाएगा। मऊगंज में 3 सी टाईप के आवास गृहों का निर्माण भी पीडब्ल्यूडी (भवन विंग) द्वारा किया जाएगा। दोनों जिलों के नए कलेक्ट्रेट भवन करीब 43-43 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के अन्य जिलों में बने स्टैंडर्ड मॉडल के आधार पर दोनों नए जिलों में नवीन कलेक्ट्रेट भवन बनाने के निर्देश दिए। जन-प्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने सिंगरौली जिले के चितरंगी में शासकीय जगन्नाथ सिंह स्मृति महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संस्कृत, समाजशास्त्र एवं गृह विज्ञान आदि संकायों तथा इसी कॉलेज में स्नातकोत्तर स्तर पर हिन्दी साहित्य, समाज शास्त्र, भूगोल, संस्कृत, राजनीति शास्त्र एवं इतिहास संकाय का भी संचालन करने की स्वीकृति दी।

### चित्रकूट का अयोध्या की तर्ज पर होगा विकास

नगरीय विकास एवं आवास विकास विभाग की समीक्षा में चित्रकूट के विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पवित्र नगरी चित्रकूट का अब अयोध्या की तर्ज पर विकास किया जाएगा। प्रभारी अपर मुख्य सचिव ने बताया कि चित्रकूट के समग्र विकास के लिए नगर परिषद चित्रकूट द्वारा 60 करोड़ रुपए और म.प्र. हाऊसिंग बोर्ड द्वारा 88 करोड़ रुपए का विकास प्रस्ताव शासन को भेजा गया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट के सर्वांगीण विकास के लिए एक इक्जाई डेवलेपमेंट प्लान बनाया जाए। इसके लिए सबसे सुझाव भी लिए जाएं और सबके सुझावों को समाहित कर चित्रकूट का रामनगरी अयोध्या की तरह वास्तविक विकास किया जाए।

### मैहर में माँ शारदा लोक के निर्माण की तैयारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैहर के विश्व प्रसिद्ध माँ शारदा मंदिर के समग्र विकास के लिए यहां माँ शारदा लोक का निर्माण किया जाएगा। संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व विभाग मिलकर यह काम करें, जिससे माँ शारदा लोक का निर्माण जल्द से जल्द हो सके। कमिश्नर रीवा श्री बी.एस. जामोद ने बताया कि माँ शारदा लोक निर्माण के लिए कार्यपालन यंत्री पर्यटन विभाग, रीवा द्वारा प्रारंभिक डिजाइन तैयार कर ली गई है। इसके निर्माण के लिए उच्च स्तर पर स्वीकृति की कार्यवाही की जा रही है।

### प्रभारी अपर मुख्य सचिव 7 जनवरी को शहडोल में करें समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल संभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि जन-प्रनिधियों के सभी सुझावों पर कार्यवाही की जाएगी। आवश्यकतानुसार विकास कार्य कराए जाएगें। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। शहडोल संभाग के अंतर्गत सोन नदी में सेतू भी बनाया जाएगा। संभाग में जरूरी मानव संसाधन की पूर्ति की जाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को बताया कि शहडोल संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई 7 जनवरी 2025 को शहडोल में बैठक लेंगे।



भोपाल। राजधानी में सर्दी में बाईक पर जाता हुआ पविार।

# प्रदेश में स्मार्ट सिटी योजना में 7 शहरों में 1253.65 करोड़ रुपये के कार्य

### उज्जैन शहर में 284 करोड़ रूपये की लागत से यूनिटी मॉल का निर्माण



भोपाल (निप्र)। स्मार्ट सिटी योजना के माध्यम से शहरों का समुचित विकास, आर्थिक सुधार और नागरिकों की जीवनशैली में सुधार के कार्य प्रमुख रूप से किये जा रहे हैं। योजना में पिछले एक वर्ष में सातों स्मार्ट सिटी शहरों में 1253 करोड़ 65 लाख रूपये की 81 कार्य पूरे किये जा चुके हैं। वर्तमान में 828 करोड़ के 43 कार्य प्रगति में है। प्रदेश के 7 शहरों में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर और सतना शहर शामिल है। स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा द सिटी इन्वेस्टमेंटस् टू इनोवेट इंटीग्रेट एण्ड सस्टेन (सीआईटीआईआईएस 2.0) प्रोग्राम के कम्पोनेन्ट-1 अंतर्गत राज्य के 2 स्मार्ट सिटी शहर उज्जैन एवं जबलपुर का चयन किया गया है। योजना के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कार्यों के लिये चयनित प्रत्येक शहर को 135 करोड़ रूपये के मान से अनुदान राशि प्राप्त होगी। चैंलेज कंपोनेंट-2 के अंतर्गत नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर केन्द्र सरकार को स्वीकृति के लिये भेजा है।केन्द्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नर्चरिंग नेबरहुड 1.0 के अंतर्गत किये गये कार्यों के लिये जबलपुर और इंदौर स्मार्ट सिटी को सम्मानित किया जा चुका है।

जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वारा आंगनवाड़ी, पार्कों का विकास कार्य और सिविल अस्पतालों में बच्चों के लिये वैक्सीनेशन सेंटर का निर्माण प्रमुख रूप से किया गया है। इंदौर स्मार्ट सिटी द्वारा सार्वजनिक स्थलों और ज्यादातर बस्तियों में विकास कार्य किये गये हैं।

# साल के अंतिम दिन रैन बसेरों के रहवासियों और साल के पहले दिन श्रमिकों के कल्याणार्थ शिविर

भोपाल (निप्र)। नवाचारों में अग्रणी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा नया साल मनाने की अनूठी पहल की गई है। साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर 2024 को रैन बसेरों और साल के पहले दिन 01 जनवरी 2025 को श्रमिकों पीठों पर नए साल के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन किए जाएंगे। इस दौरान रैन बसेरों के रहवासियों और श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। नए साल की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को रैन बसेरा शाहजहांनी पार्क और रैन बसेरा हमीदिया अस्पताल के पास शिविर लगाया जाएगा। 01 जनवरी को करोंद चौराहा और परिहार चौराहा अशोका गार्डन में श्रमिक पीठों पर शिविर लगाया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्व प्रेरणा से इन शिविरों के आयोजन की पहल की गई है। ये विशेष शिविर रैन बसेरे में शरण लेने वाले लोगों और श्रमिक पीठों के समय की सुविधा का ध्यान रखते हुए आयोजित किए जा रहे हैं। रैन बसेरों में शाम 7:00 और श्रमिक पीठों में सुबह 7:00 बजे से शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में असंचारी रोगों के परीक्षण, चर्म रोग स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाने की सुविधा दी जावेगी। इसके साथ ही इन शिविरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के परीक्षण एवं परामर्श की व्यवस्था भी की गई है। वेक्टर जनित रोगों की स्क्रीनिंग और नेत्र परीक्षण की सुविधा भी दी जाएगी।



आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने मंत्रालय में शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, जबलपुर की साधारण सभा की बैठक ली

### नवगठित पाठ्य-पुस्तक स्थायी समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न

# प्रचलित पाठ्य-पुस्तकों के पुनरीक्षण के संबंध में हुआ विचार-विमर्श



भोपाल (निप्र)। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में पुर्नगठित मध्यप्रदेश पाठ्य-पुस्तक स्थायी समिति की प्रथम बैठक सोमवार 30 दिसम्बर को भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित राज्य शिक्षा केन्द्र में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के नव-नियुक्त अध्यक्ष डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने की। नवगठित समिति की प्रथम बैठक में पाठ्य-पुस्तकों में सम्मिलित करने के लिये विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। एनसीईआरटी स्वीकृत कक्षा-10वीं और 11वीं की अंग्रेजी पाठ्य-पुस्तक के विभिन्न पाठों और अंशों पर विचार किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश से जुड़ी सामग्री भी पुस्तकों में शामिल करने की दृष्टि से कक्षा 1, 2, 3 और कक्षा-6 की प्रचलित पुस्तकों के पुनरीक्षण और सामग्री तैयार करने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के प्रारंभ में संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने पुर्नगठित समितिके अध्यक्ष डॉ. अलकेश चतुर्वेदी एवं अन्य सदस्यों का पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बैठक में समिति सदस्य डॉ. आशीष भारती, डॉ. बालाराम परमार, डॉ. रविन्द्र कुमार सोहोनी, डॉ. अनुपम जैन, डॉ. प्रेमलता नीलम, रामकुमार वैद्य, डॉ. विनय सिंह चौहान, अपर संचालक लोक शिक्षण आर.के. सिंह एवं सचिव, मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के प्रतिनिधि तथा राज्य शिक्षा केन्द्र के संयुक्त संचालक एवं नियंत्रक पाठ्यक्रम तथा पाठ्यपुस्तक डॉ. संजय पटवा सहित अकादमिक प्रकोष्ट के अन्य अधिकारी गण भी शामिल हुए।

# सीईओ श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

### समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न





भोपाल (निप्र)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सोमवार को सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा पत्रों और समाधान ऑनलाइन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। श्री सिंह ने जनकल्याण अभियान के अंतर्गत शिविरों में हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में उपस्थित होकर विभाग सम्बन्धी योजनाओं का लाभ प्रदान करें। सीईओ श्री सिंह ने कहा कि जनकल्याण शिविरों में प्राप्त हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदनों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित आवेदनों का निराकरण शीघ्र किया जाए। सीईओ श्री सिंह ने एपीसी की बैठक के लक्ष्यों में किसान क्रेडिट कार्डों, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी, मत्स्य, सहकारिता, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को कुल प्रेषित प्रकरणों को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सिद्धार्थ जैन सहित समस्त एडीएम, एसडीएम और अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# अब तक 5 लाख 86 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने कराई ई-केवायसी

## अब उपाय ऐप के जरिए भी करा सकेंगे केवायसी

भोपाल (निप्र)। राज्य शासन की लाभकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय ऐप के जरिए भी ईकेवायसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय ऐप डाउनलोड कर बिजली उपभोक्ता समग्र केवायसी में अपना उपभोक्ता क्रमांक एवं समग्र क्रमांक दर्ज करने के बाद लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज कर केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। केवायसी प्रक्रिया के तहत अब तक 5 लाख 86 हजार 097 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है। कंपनी ने बताया है कि केवायसी प्रक्रिया के तहत नर्मदापुरम ग्रामीण में 70 हजार 628, बैतूल ग्रामीण में 83 हजार 457, राजगढ़ ग्रामीण में 38 हजार 378, शहर वृत्त भोपाल में 46 हजार 223, भोपाल ग्रामीण में 36 हजार 676, गुना ग्रामीण में 31 हजार 623, विदिशा ग्रामीण में 41 हजार 482, सीहोर ग्रामीण में 22 हजार 953, ग्वालियर ग्रामीण में 20 हजार 841, शहर वृत्त ग्वालियर में 35 हजार 255, अशोकनगर ग्रामीण में 17 हजार 249,





दतिया ग्रामीण में 21 हजार 306, रायसेन ग्रामीण में 42 हजार 687, शिवपुरी ग्रामीण में 22 हजार 218, हरदा ग्रामीण में 17 हजार 988, श्योपुर ग्रामीण में 08 हजार 930, मुरैना ग्रामीण में 19 हजार 273 एवं भिण्ड ग्रामीण में 08 हजार 930 बिजली उपभोक्ताओं की केवायसी की गई है। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं के बिजली संबंधी व्यक्तिगत विवरण को कंपनी के रिकार्ड में अपडेट करने के लिए नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया शुरू की है। कंपनी द्वारा नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया के तहत बिजली उपभोक्ताओं की व्यक्तिगत जानकारी जैसे समग्र आईडी, मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता इत्यादि की जानकारी को अपडेट किया जा रहा है। नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया से बिजली उपभोक्ताओं को जहां राज्य शासन की योजनाओं का लाभ सीधे लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सकेगा वहीं दूसरी ओर प्रणाली में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। साथ ही केवायसी से वास्तविक उपभोक्ताओं के विद्युत संयोजन एवं उनके भार की स्थिति का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जा सकेगा, जिससे कंपनी कार्यक्षेत्र में विद्युत संरचनाओं के भविष्य में विस्तार की योजना बनाने में आसानी होगी। साथ ही कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सही पहचान और मोबाइल नंबर को सटीक रूप से टैग करने में मदद मिलेगी।

# विज्ञान मेले में नगरीय विकास एवं आवास विभाग प्रथम स्थान पर

भोपाल (निप्र)। भोपाल के जम्बूरी मैदान में विज्ञान भारती द्वारा आयोजित विज्ञान मेले के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शनों को पुरस्कृत किया गया। महाप्रदर्शन श्रेणी में नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल को प्रथम पुरस्कार दिया गया।विज्ञान मेले में 52 विभागों और संस्थाओं ने महाप्रदर्शन श्रेणी में स्टॉल लगाए थे। कार्यक्रम में विज्ञान भारती के संगठन मंत्री शिव कुमार शर्मा, परमाणु ऊर्जा विभाग के परमाणु नियंत्रण और योजना विंग प्रमुख डॉ. अरूण कुमार नायक और मध्यप्रदेश विज्ञान प्रोद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने पुरस्कार वितरित किए। उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त भरत यादव के मार्गदर्शन में विज्ञान मेले में विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया था। इस उपलब्धि पर नगरीय विकास आयुक्त श्री यादव ने विज्ञान मेले में तैनात विभाग की टीम को बधाई दी है। राजधानी भोपाल के जम्बूरी मैदान में 27 दिसम्बर से प्रारंभ हुए विज्ञान मेले में नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर हजारों की संख्या में संख्या में दर्शक ने आकर विभाग से संबंधी योजनाओं, उपलब्धियों और तकनीकों की जानकारी ली। स्टॉल पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, अमृत योजना, नमामि गंगे मिशन, स्मार्ट सिटी योजना, मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड और स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित जानकारी दी गई।

# बिजली लाइनों के पास न उड़ाए पतंग : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

भोपाल (निप्र)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार के मद्देनजर पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है।पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्यौहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। विद्युत वितरण कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

## जिले में अब तक कुल 1122.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटों में दर्ज हुई 29.3 मिलीमीटर वर्षा

कटनी कटनी (ए.)। जिले में 1 जून 2024 से 29 दिसंबर 2024 तक 1122.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 1085.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।बीते 24 घंटों में 29.3 मिमी वर्षा दर्ज जिले में बीते 24 घंटे में जिले की सभी तहसीलों के वर्षामापी केंद्र में 29.3 मिमी अर्थात 12.2 इंच वर्षा दर्ज हुई। जिसमें कटनी तहसील अंतर्गत 10.2 मिमी, रीठी तहसील में 70.5 मिमी, बड़वारा तहसील में 60.0, बरही तहसील में 35.0 मिमी, विजयराघवगढ़ तहसील में 24.0 मिमी, बहोरीबंद तहसील में 29.9 मिमी, स्लीमनाबाद तहसील में 42.0 मिमी और ढीमरखेड़ा तहसील में 21.0 मिमी वर्षा रिकॉर्ड हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून 2024 से 29 दिसंबर 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 1329.8 मिमी, रीठी में 1339.7 मिमी, बड़वारा में 1079.5 मिमी, बरही में 911.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 854.1 मिमी, बहोरीबंद में 842.7 मिमी, स्लीमनाबाद में 1287.3 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 1331.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# युवती ने लगाए लव जिहाद के आरोप, कहा-सहेली ने कराई थी दोस्ती, अब अश्लील वीडियो से कर रहा ब्लैकमेल




खरगोन (ए.)। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में एक आदिवासी युवती ने लव जिहाद का गंभीर मामला उजागर किया है। युवती ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि युवक ने हिंदू नाम बताकर उसे प्रेम जाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी युवक ने अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने बताया कि युवक से उसकी मुलाकात बेकरी में साथ काम करने वाली सहेली के जरिए हुई थी, जिसने आरोपी को हिंदू बताया था। बाद में युवती को पता चला कि आरोपी मुस्लिम है और उसका असली नाम मोहसिन मुल्तानी है। जब उसने उससे संबंध तोड़ने की कोशिश की, तो आरोपी ने वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

**आरोपी और सहेली पर मामला दर्ज**

कोतवाली थाना प्रभारी बीएल मंडलोई के अनुसार, आरोपी मोहसिन के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

आरोपी को धार जिले के मनावर से हिरासत में लेकर खरगोन लाया जा रहा है। साथ ही पीड़िता की सहेली के खिलाफ भी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मामले की संवेदनशीलता और पुलिस का रुख**

यह मामला राज्य में सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना को झकझोरने वाला है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और संबंधित आरोपों की पुष्टि के लिए ठोस साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंदौर के महू में इन्फैंट्री मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित की.

# जनपद पंचायत वियजराघवगढ़ की दो ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए जनकल्याण शिविर



कटनी (ए.)। शासन के आदेशानुसार कलेक्टर दिलीप कुमार यादव् के निर्देशन में जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत जिले के नगरीय एवं समस्त ग्राम पंचायतों में सर्वे दल द्वारा शिविर तथा घर-घर जाकर जनकल्याणकारी योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु चिन्हित किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जिले की जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ अंतर्गत आने वाली दो ग्राम पंचायतों चरी एवं परसवारा में मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर पंजीयन किया गया। साथ ही हितग्राहियों को शिविर मंच से योजनाओं के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी एवं शिविर प्रभारी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार युवा, महिला, किसान और गरीब के कल्याण एवं विकास के लिये प्रदेश के साथ-साथ कटनी जिले में भी 26 जनवरी, 2025 तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया जायेगा। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार की शत-प्रतिशत सैचुरेशन की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं और लक्ष्य प्रदान की गयी योजनाओं के समस्त पात्र हितग्राहियों को शिविर लगाकर लाभान्वित किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में आवेदनों की ऑनलाईन एंट्री नहीं करने पर एससीएन जारी करने दिए निर्देश



## समय सीमा बैठक आयोजित

राजगढ़ (ए.)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के शिविरों में आए आवेदनों की ऑनलाईन एंट्री नहीं करने पर योजना एवं आर्थिक सांख्यकीय विभाग द्वारा 1970 आवेदनों में से 173 आवेदनों की ही एंट्री की है। जिस पर संबंधित अधिकारी एससीएन जारी करने के निर्देश दिए। सारंगपुर जनपद पंचायत द्वारा भी आवेदनों की एंट्री नहीं करने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। बैठक में बताया गया कि 11 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक जिले में लगभग 28 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। स्वामित्व योजना के जिले में लगभग 70 हजार कार्ड बाटना है, शासन के आगामी आदेश पर यह कार्य भी किया जाना है। कलेक्टर ने स्व-रोजगार के तहत संत रविदास, सावित्री बाई फूले की समीक्षा की। साथ ही टांटया मामा योजना में कार्य नही करने पर लीलाराम चन्द्रवंशी मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त विकास निगम की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राशन दुकानों को लेकर लगातार शिकायतें आ रही है राशन दुकानें महिला स्व सहायता समूह को दी जाए। जिले में सडक दुर्घटना के अनुभागवार जो प्रकरण लंबित है,उनका समय सीमा में निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के समय सीमा आवेदनों पर भी वन टू वन चर्चा की। बैठक में निर्देश दिए कि समग्र व पेंशनर की ई-केवायसी शत प्रतिशत करें। जिन हितग्राही जो पात्र है आधार में उम्र कम होने से पेंशन से वंचित रह रहे है उनकी मेडिकल बोर्ड से जांच कराई जाएं। इस अवसर पर बैठक में अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मण्डराह, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारीरत्नेश श्रीवास्तव सहित सभी विभागीय जिला अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री की श्रद्धांजली सभा से कांग्रेस पार्षदों ने बनाई दूरी

बुरहानपुर (ए.) । लोकसभा में 10 वर्षों तक कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री का दायित्व संभालने वाले अर्थ शास्त्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर नगर पालिका निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल के द्वारा सोमवार को निगम के एमआईसी हाल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई थी जिस में शिरकत के लिए निगम की ओर से सभी सम्मानित पार्षदों को एक दिन पूर्व लिखित सूचना तामिल कराकर सभी पार्षदों को मोबाइल पर फोन लगाकर भी बताया गया था, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह कांग्रेसी थे ऐसे में उनकी श्रद्धांजलि सभा में सभी कांग्रेस पार्षदों का अनिवार्य रूप से शामिल होना था, परंतु कांग्रेस पार्षदों में कुछ ही पार्षदों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई अन्य अधिकांश कांग्रेस के पार्षद इस श्रद्धांजलि सभा से नदारत रहे। विशेष तो यह की नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष भी इस सभा में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कर पाए। सोमवार प्रात- 11 बजे आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में महापौर माधुरी पटेल और सत्ता पक्ष के भी कुछ एक पार्षद ही उपस्थित रहे जिम में निर्दलीय पार्षद अधिक रहे।

# 500 वर्ष पुराने दो प्रतिमाओं और मूंछों वाले राम लखन के मंदिर में लगी भीषण आग, सारा सामान हुआ खाक

खंडवा (ए.)। खंडवा जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम भामगढ़ के अनूठे और प्राचीन श्री राम मंदिर में देर रात आग लगने का बड़ा मामला सामने आया है। आग इतनी भीषण थी कि मंदिर का सारा सामान ही जलकर खाक हो गया। आग की लपटों के चलते आसपास के मकानों को भी खाली कराया गया। मंदिर में लगी आग की जानकारी मिलते ही सारा गांव भी आग को बुझाने में जुट गया। इसी बीच मौके पर पहुंची फायर ब्रिग्रेड की गाड़ियों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक मंदिर का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था और इससे वहां रखी मूर्तियों को भी क्षति पहुंची है। बता दें कि यह बड़ा ही अनूठा मंदिर माना जाता है, जहां राम लखन और सीता की एक-एक नहीं बल्कि दो दो मूर्तियां विराजित हैं। यही नहीं यहां राम और लखन की मूंछों वाली मूर्तियां विराजित हैं और माना जाता है कि संभवत- यह देश का पहला ऐसा मंदिर है जहां दो मूर्तियां और मूंछों वाले भगवान विराजित हैं।

## व्यापार समाचार

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई (ए)। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है।, इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कम कटौती के संकेतों से भी बांड यील्ड में बढ़त का दबाव घरेलू बाजारों पर पड़ा है। बैंकिंग स्टॉक्स में बिकवाली और इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले एचडीएफ़सी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्टॉक्स में गिरावट से भी बाजार नीचे आया।




दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 450.94 अंक या 0.57 फीसदी नीचे आकर 78,248.13 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई भी गिरावट के साथ खुला और उतार-चढाव भरे कारोबार के अंत में 168.50 अंक तकरीबन 0.71 फीसदी नीचे आकर 23,644.90 अंक पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान टाटा मोटर्स का शेयर सबसे ज्यादा नीचे आया। वहीं टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, एनटीपीसी, एबीआई, मारुति, एचडीएफ़सी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी नीचे आये।

दूसरी ओर सेंसेक्स की 30 कंपनियों के शेयरों में सबसे अधिक 4 फीसदी से ज्यादा बढ़कर जोमेटो का शेयर बंद हुआ। इसके अलावा टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए।विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को 13.23 अरब रुपये (155 मिलियन डॉलर) के शेयर बेचे इसके विपरीत, घरेलू निवेशकों ने पिछले आठ सेशन में शुद्ध रूप से इक्विटी खरीदी। इससे पहले आज सुबह बाजार की गिरावट के साथ शुरुआत हुई। बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी सप्ताह के पहले कारोबारी ?दिन गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 50 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर खुला जबकि निफ्टी 30 अंक की गिरावट के साथ 23,800 के नीचे फिसल गया।

## टॉप ऑफिसर के इस्तीफे के बाद आज ओला इलेक्ट्रिक के शेयर टूटे

मुंबई, (आएनएस)। चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अंशुल खंडेलवाल और चीफ टेक्नोलॉजी एंड प्रोडक्ट ऑफिसर सुवोनिल चटर्जी के इस्तीफे की घोषणा के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयर में 3 फीसदी की गिरावट आई.

कंपनी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अंशुल खंडेलवाल और चीफ टेक्नोलॉजी एंड प्रोडक्ट ऑफिसर सुवोनिल चटर्जी ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए 27 दिसंबर से अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है. दोनों टॉप स्तर के अधिकारी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में जाने से पहले ओला के राइड-हेलिंग व्यवसाय में शामिल हुए थे. चटर्जी 2017 में ओला में डिजाइन प्रमुख के रूप में शामिल हुए थे, जबकि खंडेलवाल ने मार्च 2018 में मार्केटिंग प्रमुख के रूप में अपनी यात्रा शुरू की थी.

ओला हाल के महीनों में अपने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में कई हाई-प्रोफाइल कर्मचारियों के जाने के कारण सुर्खियों में रही है. हाल ही में हुए कर्मचारियों के जाने से पहले, ग्रुप चीफ पीपुल ऑफिसर एन बालचंदर ने नवंबर 2024 में ओला इलेक्ट्रिक, ओला कैब्स और क्रुट्रिम एआई के लिए एचआर की देखरेख करने के बाद पद छोड़ दिया था.

अक्टूबर में क्रुत्रिम एआई के बिजनेस हेड रवि जैन और ओला मोबिलिटी के सीबीओ सिद्धार्थ शकधर ने कंपनी छोड़ दी, अपने नौ महीने के कार्यकाल के दौरान प्रमुख पहलों का नेतृत्व करने के बाद शकधर पेटीएम में चले गए.

ओला इलेक्ट्रिक के वीपी और बिक्री प्रमुख महेश अलंथत ने भी अक्टूबर में इस्तीफा दे दिया, जबकि ओला कैब्स के सीएफओ कार्तिक गुप्ता ने थोड़े समय के कार्यकाल के बाद मई में पद छोड़ दिया.

2024 की शुरुआत में ओला कैब्स के सीईओ हेमंत बख्शी ने अपनी भूमिका के तीन महीने बाद ही पद छोड़ दिया, जिससे संस्थापक भाविश अग्रवाल को फिर से नेतृत्व संभालना पड़ा. इन प्रस्थानों ने भाविश अग्रवाल के नेतृत्व वाले समूह में वरिष्ठ प्रतिभाओं को बनाए रखने को लेकर चिंताएँ बढ़ा दी हैं, जिससे निवेशकों की भावनाएँ कम हुई हैं.

## शेयर बाजार में शानदार एंट्री, सेनोरेस फार्मा 53% प्रीमियम पर हुआ लिस्ट

मुंबई,(आएनएस)। सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स का शेयर सोमवार को एनएसई पर 53 फीसदी प्रीमियम के साथ 600 रुपए और बीएसई पर 593.70 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ.

इसका आईपीओ 20 दिसंबर, 2024 को खुला और 24 दिसंबर, 2024 को समाप्त हुआ. सदस्यता की स्थिति और ग्रे मार्केट प्रीमियम ने सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स शेयर की कीमत के लिए मजबूत सूचीबद्ध लाभ की ओर संकेत दिया था.सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स के आईपीओ को 97.86 गुना सब्सक्रिप्शन मिला, जिसमें खुदरा श्रेणी में 93.16 गुना, क्यूआईबी श्रेणी में 97.84 गुना तथा एनआईआई कैटागरी में 100.35 गुना सब्सक्रिप्शन मिला. रिपोर्ट के अनुसार सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स आईपीओ ग्रे मार्केट प्रीमियम या जीएमपी + 284 रहा. इसका मतलब यह था कि ग्रे मार्केट में सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स के शेयर इश्यू प्राइस से 284 रुपये ऊपर कारोबार कर रहे थे. इसका यह भी मतलब था कि बाजार सहभागियों को उम्मीद थी कि सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स के शेयर की लिस्टिंग इश्यू प्राइस से 72.63 फीसदी अधिक 675 रुपये पर होगी.सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स आईपीओ का मूल्य बैंड 372 से 391 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया था और शेयरों की लिस्टिंग इश्यू मूल्य के ऊपरी मूल्य बैंड से काफी ऊपर थी.

## रेड जोन में खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 105 अंक लुढ़का, निफ्टी 23,796 पर

मुंबई, (ए)। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार रेड जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 105 अंकों की गिरावट के साथ 78,593.56 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.07 फीसदी की गिरावट के साथ 23,796.90 पर बंद हुआ.

जैसे-जैसे हम नए साल में प्रवेश कर रहे हैं, बाजार के शुरुआती संकेतों के लिए ऑटो बिक्री के आंकड़ों पर कड़ी नज़र रखी जाएगी. भविष्य में कोई बड़ी घटना न होने के कारण विश्लेषकों का सुझाव है कि फोकस एफआईआई प्रवाह और मुद्रा की चाल पर केंद्रित होगा. खासकर तब जब रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर होता जा रहा है. कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 226 अंकों की उछाल के साथ 78,699.07 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.27 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 23,813.40 पर बंद हुआ.

## अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर करीब 5 प्रतिशत उछला, अदाणी पोर्ट्स में भी तेजी

मुंबई, (ए.)। अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के शेयर में सोमवार को जबरदस्त तेजी देखी गई। दोपहर करीब 12-07 बजे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 6 प्रतिशत बढ़कर 2,553 रुपये पर था। शेयर का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 3,743 रुपये प्रति शेयर और न्यूनतम स्तर 2,030 रुपये प्रति शेयर है।

अदाणी एंटरप्राइजेज के मौजूदा बाजार मूल्य ने अपने दो अहम रुकवट स्तरों को पार कर लिया है। मौजूदा बाजार मूल्य ने सबसे पहले 2,444.93 रुपये के रुकावट स्तर को पार किया, जिसके बाद यह 2,473.37 रुपये की रुकावट को पार करने में सफल रहा।

सेंसेक्स के टॉप गेनर्स में अदाणी पोर्ट्स ने अपनी जगह बनाए रखी। सुबह करीब 12 बजे अदाणी पोर्ट्स का शेयर 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,239.75 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

अग्रणी ब्रोकरेज फर्म वेंचुरा सिक्योरिटीज लिमिटेड ने अगले दो वर्षों में अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों के लिए 3,801 रुपये का बाजार मूल्य लक्ष्य निर्धारित किया है। ब्रोकरेज ने अपने लेटेस्ट नोट में कहा कि बुल केस सिनेरियो, लक्ष्य मूल्य बढ़कर 5,748 रुपये हो सकता है, जो मौजूदा भाव से 138.6 प्रतिशत अधिक है। वेंचुरा के नोट के अनुसार, अदाणी एंटरप्राइजेज मजबूत विकास पथ पर है। कंपनी का समेकित राजस्व वित्त वर्ष 2024 से 2027 तक अगले तीन वर्षों में 17.5 प्रतिशत की सीएजीआर पर 1.56 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। नोट के अनुसार, यह वृद्धि कंपनी के हवाई अड्डे, सौर और पवन टरबाइन व्यवसायों के विस्तार के साथ-साथ तांबे के व्यवसाय से राजस्व योगदान से प्रेरित होगी। वेंचुरा के अनुसार, अदाणी ग्रुप की प्रमुख कंपनी अगले दशक में 6.5-7 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य बना रही है, जिसमें मुख्य रूप से हवाई अड्डों, डेटा केंद्रों, तांबे और हरित हाइड्रोजन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# एच-1बी वीजा प्रोग्राम बचाने की महिम को मिला ट्रंप का समर्थन




**ट्रंप ने कहा, मैं एच-1बी वीजा में विश्वास करता रहा हूं, मैंने कई बार इसका इस्तेमाल किया है**

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका के जाने माने उद्योगपति एलन मस्क द्वारा एच-1बी वीजा प्रोग्राम को बचाने की मुहिम को अब नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भी समर्थन मिल गया है। एक दिन पहले ही अरबपति कारोबारी ने कुशल विदेशी पेशेवरों को अमेरिका लाने के चलते इस प्रोग्राम आगे भी बनाए रखने की बात कही थी। बता दें कि ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के लिए एलन मस्क के साथ भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी को चुना था। मस्क ने पिछले हफ्ते तर्क दिया था कि उनकी स्पेसएक्स और टेस्ला जैसी कंपनियों के लिए विदेशी पेशेवरों की जरूरत है, और इसके लिए यह प्रोग्राम जरूरी है। मस्क ने इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक यूजर को फटकार लगाई, जिसने वीजा प्रोग्राम को लेकर उनके रुख पर हमला करने के लिए उनके ही एक पुराने वीडियो का इस्तेमाल किया था। मस्क ने 'एक्स' पर लिखा, मैं एच-1बी प्रोग्राम के कारण ही स्पेसएक्स, टेस्ला और अमेरिका को मजबूत बनाने वाली सैकड़ों अन्य कंपनियों का निर्माण करने वाले कई महत्वपूर्ण लोगों के साथ अमेरिका में हूं। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क का पक्ष लेते हुए कहा कि वह अपने कुछ समर्थकों के विरोध किए जाने वाले प्रोग्राम का पूरी तरह से समर्थन करते हैं। ट्रंप ने आगे कहा कि मैं एच-1बी वीजा में विश्वास करता रहा हूं। मैंने कई बार इसका इस्तेमाल किया है। यह एक शानदार प्रोग्राम है।

## रुपया अपने सबसे निचले स्तर पर बंद

मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ ही अपने सर्वकालिक निचले स्तर 85.51 पर बंद हुआ। रुपया सोमवार को सुबह शुरुआती कारोबार में पांच पैसे नीचे आकर 85.53 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। आयातकों की ओर से डॉलर की भारी मांग, विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच ही निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिसका दबाव घरेलू मुद्रा पर पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि शुक्रवार को रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया तथा सोमवार को दिसंबर मुद्रा वायदा की समाप्ति तथा बकाया वायदा में परिपक्वता से जुड़ी डॉलर की भारी मांग के बीच रुपये में कमजोरी आई। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ खुला और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 85.53 पर आ गया। ये पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.48 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 108.00 पर देखा गया।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**


## व्यापार घाटे में बढ़ोतरी

समाधान देश के अंदर ही पूरा सप्लाई चेन तैयार करना है। लेकिन यह धीरज के साथ दूरगामी निवेश और नियोजन से ही हो सकता है। इस दिशा में पहल का कोई संकेत नहीं दिखता। नतीजतन, व्यापार घाटा अपरिहार्य बना हुआ है। चालू वित्त वर्ष में सिर्फ दो महीने ऐसे रहे, जब वस्तु व्यापार में उसके पिछले महीने की तुलना में व्यापार घाटा कम हुआ। लेकिन अप्रैल 2024 को आधार बनाएं, तो तब से नवंबर तक घाटा कुल मिला कर बढ़ा ही है। अप्रैल में व्यापार घाटा 19.1 बिलियन डॉलर रहा, जो नवंबर में 37.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। लेकिन अप्रैल 2024 को आधार बनाएं, तो तब से नवंबर तक घाटा कुल मिला कर बढ़ा ही है। अप्रैल में व्यापार घाटा 19.1 बिलियन डॉलर रहा, जो नवंबर में 37.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।इसका सीधा कारण तो निर्यात की तुलना में आयात का तेजी से बढ़ना है, लेकिन इस बड़ी कहानी के अंदर कुछ बारीक अहम तथ्य भी हैं।नवंबर में गुजरे वर्ष के इसी महीने की तुलना में आयात 27 फीसदी बढ़ा, वहीं निर्यात 4.7 प्रतिशत गिरा। सरकारी अधिकारी चूंकि हर नकारात्मक खबर के बचाव की दलील ढूंढ कर आते हैं, इसलिए उन्होंने नवंबर के आंकड़ों के बारे में कहा कि बीते महीने सोने का आयात तेजी से बढ़ा, जबकि प्रमुख रूप से पेट्रोलियम पदार्थों का निर्यात घटने की वजह से कुल निर्यात आंकड़ों में गिरावट दिखी।यानी चिंता की कोई बात नहीं है। वैसे स्वर्ण आयात बढ़ने का रास्ता सरकार ने ही साफ किया है। इस पर आयात शुल्क में भारी कटौती और यूएई से मुक्त व्यापार समझौते का इसमें प्रमुख योगदान है।उधर रूस से सत्ता तेल खरीद कर अमेरिका और यूरोप निर्यात करने का रुझान ठंडा पड़ गया है। ऐसे पेट्रोलियम निर्यातक दूसरी जगह बाजार ढूंढ रहे हैं, लेकिन अभी इसमें ज्यादा कामयाबी नहीं मिली है। वैसे व्यापार घाटे में बढ़ोतरी का कारण और भी है। भारत के निर्यात लगातार आयात निर्भर होते गए हैं। प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव जैसी योजनाओं के कारण प्रमुख इनपुट्स का आयात कर निर्मित वस्तुओं के निर्यात का चलन बढ़ा है। इस तरह भारत का जितना निर्यात बढ़ता है, उसी अनुपात में आयात बढ़ जाता है। इसका सबसे ज्यादा लाभ चीन को मिला है।यानी कुल मिला कर आयात-निर्यात के कारोबार में चीन पर निर्भरता बनी हुई है। इसका उपाय देश के अंदर ही पूरा सप्लाई चेन तैयार करना है। लेकिन यह धीरज के साथ दूरगामी निवेश और नियोजन से ही हो सकता है। इस दिशा में पहल का कोई संकेत नहीं दिखता। नतीजतन, व्यापार घाटा अपरिहार्य बना हुआ है।

# आधुनिकता के अनेक सार्थक पक्ष भी हैं जो समाज को बेहतर बनाते हैं

**भारत डोगरा**

*आधुनिक समाज में अनेक स्तरों पर जटिलताएं बढ़ रही हैं। तकनीकी बदलाव तेजी से हो रहे हैं, और सामान्य जनजीवन पर उनका असर बड़े स्तर पर हो रहा है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया को ही लें तो इनका बहुत व्यापक असर हुआ है।दैनिक जीवन को हमने कई स्तरों पर कम समय में ही बदल दिया है। इनमें कुछ असर अच्छे हो सकते हैं, और कुछ बुरे। इस पर बहस हो सकती है, पर एक अधिक व्यापक सच्चाई यह है कि तकनीकी बदलाव में इतनी अधिक तेजी हुई है कि हमें उसे संतुलित और सुलझे हुए रूप में अपनाने के अवसर नहीं मिलते हैं। हम अभी संभलने की क्षमता प्राप्त कर ही रहे होते हैं कि तब तक बहुत कुछ गड़बड़ा जाता है।*



मुद्दा केवल तकनीकी बदलाव का ही नहीं है, बल्कि इससे आगे यह भी है कि इस बदलाव को विशेष दिशा में धकेलने के प्रयास साथ-साथ होते हैं। ये प्रयास प्राय: किसी भले उद्देश्य से नहीं जुड़े होते हैं अपितु शक्तिशाली और अति साधन-संपन्न तत्वों के अपना मुनाफा, नियंत्रण और आधिपत्य बढ़ाने की संकीर्ण सोच से जुड़े होते हैं। तकनीकी बदलावों के साथ ही लोगों की सोच को और कायरे को प्रभावित करने वाले पुराने स्रेतों का महत्त्व तेजी से कम होने लगता है, जबकि नये स्रेत हावी होने लगते हैं। इस स्थिति में समाज में नैतिकता की जो बहुत महत्त्वपूर्ण स्थिति और पहचान है, वह भी बहुत प्रभावित होती और बदलती है। क्या बुरा है और क्या गलत है, ऐसे बुनियादी सवाल और उनके जवाब नई तरह से प्रभावित होने लगते हैं। ऐसी कई प्रवृत्तियों, जिन्हें सामाजिक बुराई के रूप में मान्यता मिली हुई थी और ऐसी मान्यता मिलना तथ्य आधारित था, को अब बुराई माना ही नहीं जाता। गलत राह से रोकने के लिए जो सोच समाज में मौजूद थी, वही खिसकने लगती है।

इस तरह से एक ओर तो समाज में अनेक बुराइयां तेजी से फैल सकती हैं और इस कारण अनेक नये तनाव और समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके साथ-साथ समाज में कई मुद्दों पर अनिश्चय बढने की स्थिति आ सकती है। अनिश्चय की इस स्थिति के एक ओर तो अपने तनाव हैं और दूसरी ओर इसमें अनुचित तत्वों को अपना असर बढ़ाने के अधिक अवसर मिलते हैं। अत: ऐसे दौर और समय में रेखांकित करना और जोर देकर कहना बहुत जरूरी हो जाता है कि सामाजिक नैतिकता के अनेक शात तथ्य ऐसे हैं जो सदा महत्त्वपूर्ण और प्रासंगिक थे, आज भी हैं और सदा प्रासंगिक रहेंगे। एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि अपनी भलाई को समाज की भलाई के साथ जोड़ कर ही आगे बढ़ा जाए। इसके लिए जरूरी है कि सभी की भलाई, समाज की भलाई के बारे में सही समझ बनाने का प्रयास किया जाए जो समता, न्याय, अमन-शांति और पर्यावरण रक्षा जैसे बहुत व्यापक मान्यता के प्रतिष्ठित सिद्धांतों पर आधारित हो। अपनी प्रगति के बारे में सोचना मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति है, पर सामाजिक नैतिकता की मांग है कि इस प्रगति की ऐसी राह अपनाई जाए जो सामाजिक भलाई से जुड़ी रहे और किसी भी तरह की सामाजिक क्षति से बचे। स्वयं की प्रगति के लिए, इस प्रगति में तेजी लाने के लिए अपनी क्षमताओं का भरपूर विकास करना उचित है, पर इसके लिए किसी और को क्षति पहुंचाना और समाज को क्षति पहुंचाना अनुचित है।

इस सोच का निष्कर्ष तो यही है कि मेहनत और सच्चाई की जिंदगी ही सबसे उचित जिदंगी है। यह एक शात सत्य है, सामाजिक नैतिकता का बहुत महत्त्वपूर्ण पक्ष है, पर आज इस तरह की बातें बहुत कम सुनी जाती हैं, या कोई फिर भी कह दे, तो कई बार इसे महज उपदेश या ओल्ड फैशन सोच कहा जाता है। इससे यही सिद्ध होता है कि तेज बदलाव के आधुनिक युग में सामाजिक नैतिकता के महत्त्वपूर्ण पक्ष उपेक्षित और आहत ही रहे हैं, पर इससे सामाजिक नैतिकता के महत्त्वपूर्ण और शात पक्षों का महत्त्व कम नहीं होता है। हां, इतना जरूर है कि इन्हें रेखांकित करना, इनकी याद दिलाना पहले से अधिक जरूरी हो गया है।

इसी तरह सामाजिक संबंधों को बहुत ईमानदारी से निभाना सामाजिक नैतिकता का बहुत महत्त्वपूर्ण पक्ष है। इन नजदीकी संबंधों को आपसी गहरे विास के आधार पर बनाए रखना, इस विास को कभी नहीं तोडना मानव-जीवन का एक बहुत महत्त्वपूर्ण पक्ष है। गहरे विास पर आधारित यह संबंध अपने आप में बहुत महत्त्वपूर्ण है और साथ में सच्चाई, मेहनत, ईमानदारी पर आधारित जीवन के लिए ऐसे प्रगाढ़ संबंधों से बहुत सहारा भी मिलता है।

ऐसे जीवन में कठिनाइयां भी आती हैं और आज के आधुनिक दौर में कई तरह से यह संभावना अधिक बढ़ गई है। अत: सुख-दुख, उतार-चढ़ाव के बीच अपना संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है। कठिनाई और दुख की स्थिति में अपने को संभाल पाना और इसके लिए अपने नैतिक जीवन के आधार से मजबूती प्राप्त करना आवश्यक है। दूसरी ओर अधिक सफलता मिल जाने पर अपने संतुलन को बनाए रखना, अपने नैतिक मार्ग पर दृढ़ रहना और हर तरह के अहंकार और सफलता के अनुचित दोहन से बचना आवश्यक है।

जिस तरह की सामाजिक नैतिकता की जरूरत समाज को सदा रही है और तेज बदलावों के आधुनिक दौर में विशेष तौर पर है, उसे प्रतिष्ठित करने के प्रयास आज बहुत जरूरी हैं पर फिर भी उपेक्षित हैं। दूसरी ओर, इस तरह के चालू प्रवृत्ति के प्रयत्न अधिक देखे जाते हैं जिनमें चालाकी से एक तरह से लोगों को भ्रमित कर किसी असरदार व्यक्ति के नेतृत्व में लाया जाता है और उनकी भावनाओं का दोहन किया जाता है। ऐसे प्रयासों के स्थान पर सही तरह की सामाजिक नैतिकता प्रतिष्ठित हो तो समाज की उचित और संतुलित प्रगति से बहुत मदद मिलेगी।

मौजूदा दौर में अनेक गंभीर समस्याओं के बढने का एक व्यापक स्तर का कारण यह है कि इन समस्याओं पर नियंत्रण लगाने वाली जो नैतिकता आधारित मान्यताएं समाज में मौजूद थीं, उनका तेजी से ह्रास हुआ है। भ्रष्टाचार बढने का एक मुख्य कारण यह है तो दूसरी ओर, अन्य संदर्भ में, तरह-तरह के बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को समझने के लिए भी इस तरह के बदलाव को समझना पड़ेगा जो बहुत स्पष्ट चाहे नजर न आएं पर बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। महिलाओं के विरुद्ध विशेष तरह की हिंसा और अपराधों को भी इस व्यापक संदर्भ में समझना जरूरी है।

इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आधुनिकता अपने आप में बुरी है। आधुनिकता के अनेक सार्थक पक्ष भी हैं जो समाज को बेहतर बनाते हैं, या बना सकते हैं। पर समाज में व्यापक स्तर पर समझ बनानी होगी कि आधुनिकता के नाम पर जो कुछ समाज में आ रहा है और तेजी से आ रहा है, उसमें क्या अनुचित है, और क्या उचित है ताकि इस समझ के आधार पर आधुनिकता को हम सुलझे हुए और संतुलित आधार पर अपना सकें।



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की.

# बिजली चोरी या फिर अवैध निर्माण जवाबदेही तय हो

रोहित कौशिक

इस समय उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर बिजली विभाग किसी भी रूप से बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। अतिक्रमण करने और अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई कर अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।

निश्चित रूप से समाज में संदेश जाना चाहिए कि जो भी गलत काम करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसा संदेश जाएगा तो लोग अवैध काम करने से डरेंगे और बेहतर व्यवस्था और अच्छा समाज बनाने में मदद मिलेगी। लेकिन क्या ऐसी कार्रवाई करने की बात इतनी सरल है?

अनेक लोग इस तरह की कार्रवाई को गलत बता रहैहैं। कुछ लोगों का आरोप है कि राजनीतिक द्वेष के कारण भी इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या नियमित रूप से इस तरह की कार्रवाई की जाती है? क्या नियमित रूप से देखा जाता है कि कहां बिजली चोरी हो रही है, और कहां लोगों ने अवैध रूप से मकान बनाए हुए हैं, या कब्जे किए हुए हैं? हो सकता है कि अपवाद के तौर पर कहीं ऐसा होता हो लेकिन सामान्य तौर पर ऐसा नहीं होता। ज्यादातर मामलों में इस तरह की कार्रवाई किसी शिकायत या फिर अन्य कारणों से होती है।

सवाल है कि सामान्य तौर पर ऐसी कार्रवाई क्यों नहीं होती? सामान्य तौर पर संबंधित कर्मचारी और अधिकारी क्या कर रहे होते हैं? कई मामलों में कर्मचारी और अधिकारी रित लेकर चुप हो जाते हैं, और अवैध काम की तरफ से मुंह मोड़ लेते हैं। निश्चित रूप से भारत लगातार विकास की राह पर अग्रसर है लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देश में रित का खात्मा नहीं हो सका है। भरे बाजार में बिना नक्शा पास हुए बड़ी-बड़ी बिल्डिंग कैसे बन जाती हैं? किसी सुनसान जगह पर ऐसी बिल्डिंग बने तो बात समझ में आती है कि उस बिल्डिंग पर किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी होगी। लेकिन ऐसे मुख्य बाजार और ऐसी मुख्य सड़क, जहां से अधिकारी रोज गुजरते हैं, पर भी अवैध निर्माण धड़ल्ले से होते हैं। समझ से परे है कि ऐसे निर्माण पर अधिकारियों का ध्यान क्यों नहीं जाता। जब ऐसी अवैध इमारतों में कोई हादसा हो जाता है, या इनकी शिकायत की जाती है तो अधिकारी तुरंत हरकत में जा जाते हैं। विपक्ष से जुड़े नेता की बिल्डिंग पर कार्रवाई होने में देर नहीं लगती। इसका सीधा सा अर्थ है कि संबंधित विभाग के कर्मचारी और अधिकारी जानबूझ कर अवैध निर्माण को प्रश्रय देते हैं, और जब अवैध निर्माण हो जाते हैं तो उन्हें ध्वस्त करने का डर दिखा कर उगाही की जाती है। आम तौर पर अवैध इमारतों के मालिकों को पहले नोटिस दिया जाता है। नोटिस देने के बाद ही अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाता है।लेकिन अक्सर नोटिस देने की प्रक्रिया में भी धांधली होती देखी गई है। कई लोगों ने आरोप लगाए हैं कि इमारत गिराने से पहले उन्हें नोटिस नहीं दिया गया। किसी भी रूप से बिजली की चोरी की जाएगी या फिर अवैध निर्माण किए जाएंगे तो इसका असर समाज और अंतत: देश पर ही पड़ेगा। ज्यों-ज्यों देश विकसित हो रहा है, त्यों-त्यों देश में बिजली की खपत भी बढ़ रही है। हालांकि पहले की अपेक्षा देश में बिजली उत्पादन बढ़ा है, लेकिन किसी भी तरह से बिजली चोरी होती है तो इसका असर बिजली की कुल क्षमता पर पड़ता है। भले सरकार बिजली निर्माण के लिए कितने भी नये बिजलीघर लगा ले लेकिन बड़े पैमाने पर हो रही बिजली चोरी नहीं रोकी गई तो इन बिजलीघरों का पूरा लाभ देश को नहीं मिल पाएगा। ऐसा नहीं है कि गरीबी के कारण ही लोग बिजली चोरी करते हैं, बड़ी-बड़ी औद्योगिक इकाइयां भी बिजली चोरी करती पकड़ी जाती हैं।

पहले से ज्यादा शिक्षित समाज के कुछ लोगों को अवैध काम करने में न ही शर्म आती है, और न किसी तरह का डर होता है। अवैध काम करने के पीछे सारा दोष हमारी मानसिकता का है। इसी मानसिकता के चलते पहले हम गलत काम करते हैं, और बाद में रित देकर गलत काम को वैधता प्रदान करने की कोशिश करते हैं। कोढ़ में खाज यह कि प्रशासन और संबंधित कार्यालय पहले हाथ पर हाथ रख कर बैठा रहता है, और बाद में खुद को ईमानदार साबित करने की कोशिश करता है।

# आज का राशिफल

मेष राशि : आज काम का बोझ अधिक हो सकता है, लेकिन आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित हो सकती है। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। कारोबार में आपको फायदा हो सकता है, लेकिन आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल बनाकर रखना चाहिए।

वृष राशि : आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो सकता है। आसपास के लोगों से आपको सहयोग मिल सकता है। ऑफिस में आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक समस्यायें खत्म होंगी।आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आज आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। इससे आपको फायदा भी जरूर होगा।

मिथुन राशि : आज आप करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। आप जिस किसी काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको अच्छी कामयाबी मिलेगी। ऑफिस में काम को पूरा करने में पूरी तरह से आप सक्षम होंगे। इस राशि के लॉ की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया रहेगा।आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

कर्क राशि : आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल हो सकते हैं। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। नए कार्य प्रारंभ करने का मन बन सकता है। अगर आप कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको तरक्की के कई नये रास्ते खुले नजर आएंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।

सिंह राशि : आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आय के नएस्रोत सामने आयेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा।आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेगा। इससे आप दोनों के बीचनजदीकियां बढेंगी। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल खुशनुमा बनारहेगा। आपके धन-संपत्ति में वृद्धि होगी।

कन्या राशि : आज आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो सकती है। करियरमें आपको सफलता मिल सकती है। नौकरी के क्षेत्र में आपको सफलता मिल सकती है। आपके साथ सब अच्छा होगा आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। समय से काम पूरा कर लेना बेहतर रहेगा। आप किसी पारिवारिक समारोह में जा सकते हैं। वहां आपको देखकर कुछ लोग खुश होंगे। सीनियर्स आपके काम से खुश हो सकते हैं। आपके सेहत में थोड़ी गिरावट हो सकती है।

तुला राशि : आज आपको तनाव से मुक्ति मिल सकती है, जिससे आप काफी राहत महसूस करेंगे। रोजगार पाने में लोगों की मदद आपको मिलती रहेगी। परिवार वालों के साथ आप खुशियों के पल बिता सकते हैं। प्रेम-संबंधों में मजबूती आयेगी। इस राशि के विद्यार्थियों की अध्ययन के प्रति रूचि बढ़ सकती है। आपको कुछ नए मौके मिलने की संभावना है। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।

वृश्चिक राशि: आज आपको कोई महत्वपूर्ण समाचार मिलेगा। कारोबार में कुछ नए लोग आपसे जुड़ सकते हैं। किसी महिला मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक पक्ष पहले से बेहतर रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे। सोचे हुए कुछ जरूरी काम पूरे होंगे। आप बड़े ही खुश नजर आयेंगे। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में जीत हासिल होगी। आपके मान-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। सेहत अच्छी रहेगी।

धनु राशि: आज किस्मत का सहयोग मिलेगा। आपको नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। बिजनेस में विरोधियों से आपको बचकर रहना चाहिए। ऑफिस में सीनियर आपके काम से खुश होकर आपको कुछ गिफ्ट कर सकते हैं। किसी भी काम को करने से पहले बड़ों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। बच्चे पढ़ाई के प्रति कुछ कम रूचि लेंगे।

मकर राशि : आज कार्यक्षेत्र में सीनियर्स का सहयोग मिलेगा।किसी काम में ज्यादा मेहनत और समय लग सकता है। आप रिश्तों में सुधार लाने की कोशिश कर सकते हैं। आज आपको कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना चाहिए, बेहतर रहेगा। आज बच्चे पार्क में खेलने जा सकते हैं। माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा।

कुंभ राशि: आज आपके व्यक्तित्व में निखार आ सकता है। व्यापारी वर्ग को अचानक से कोई बड़ा धन लाभ हो सकता है। आप अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव ला सकते हैं। आपका आत्मविश्वास बढ़ सकता है। करोबार में आ रही परेशानिया खत्म होंगी। आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। आप धार्मिक कार्यों में रूचि ले सकते हैं।

मीन राशि: आज भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे। आपकी मेहनत रंग लायेगी। कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। घरेलू काम को निपटाने में आप सफल रहेंगे। आपको अचानक धन लाभ होगा। कई योजनाएँ समय से पूरे हो जायेंगे। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी।

# स्मृति शेष : भारत को दोबारा इतना शिक्षित, सरल और सौम्य प्रधानमंत्री मिलना नामुमकिन

## मज़बूत मनमोहन सिंह को कांग्रेस के कर्णधारों ने ही कर दिया था कमजोर

**गणेश साकल्ले**

*प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की क़ाबिलियत का कांग्रेस हाई कमान ने सच में सदुपयोग किया होता तो शायद उसे आज ये दुर्दिन नहीं देखने पड़ते । पहला कार्यकाल तो उनका ठीक-ठाक रहा, लेकिन दूसरे दूसरे कार्यकाल में हाईकमान और उसके कारिंदों की दबी-कुची महात्वाकांक्षाए कुलाँचे मारने लगी। वह भी सत्ता के दोहन की। यह कब दुरूपयोगों में तब्दील हो गया इसकी हाईकमान को भनक तक नहीं लगी। जब चारों-ओर घपले-घोटालों की गूंज उठने लगी , तब तक बहुत देर हो चुकी थी।*



वर्ष 2005 में मुझे दिल्ली में डा. मनमोहन सिंह से मिलने और सीधी बात करने का मौका मिला। अवसर था तीन दिनी सोशल सेक्टर एडिटर कांफ्रेंस के अंतिम दिन प्रधानमंत्री का अपने निवास पर पत्रकारों से मिलने का। इस दौरान एक ग्रुप फोटो सेशन भी होना था, जिसके लिए एस.पी.जी. अधिकारियों ने सात कुर्सियां एक तरफ लगवाकर पत्रकारों को पहले ही उस स्थान पर खड़ा कर रखा था। मगर मैं तो दैनिक भास्कर के विशेष संवाददाता की हैसियत से गया था तो कुछ प्रश्न तो दिमाग में कौंध ही रहे थे, सो मैंने तरकीब लगाई कि फ़ोटो तो होती रहेगी, लेकिन कोई खबर नहीं निकाली तो यहाँ आने और पीएम से मिलने का क्या फ़ायदा? लिहाजा बातचीत के दौरान एक एस.पी. जी अधिकारी से मैंने पता कर लिया कि प्रधानमंत्री किधर से आएंगे और उस ओर अपनी दृष्टि जमा दी, जैसे ही डॉ. सिंह अपनी चिरपरिचित मुद्रा में उस बगीचे में आए, अपन ने उन्हें नमस्ते कर रोक लिया।

उन्होंने बताया कि आर्थिक मामलों पर लिखने वाले पत्रकारों से तो मैं अक्सर मिलता रहता हूं, लेकिन इस बार मेरी मंशा देश के विभिन्न राज्यों में सामाजिक विषयों पर कलम चलाने वाले कलमकारों से मिलने की थी। इसी उद्देश्य से पत्र सूचना कार्यालय की अगुवाई में यह सोशल सेक्टर एडिटर कांफ्रेंस का आयोजन किया गया, वह भी पहली बार। फिर मुस्कुराते हुए उन्होंने हमारी तरफ एक सवाल उछाला और पूछा कि कैसी रही आप लोगों की कांफ्रेंस? इतना सुनते ही मैंने तपाक से कहा कि सर, कांफ्रेस तो अच्छी रही, लेकिन हमें तीन सवालों के समाधान कारक जवाब आपके कोई भी मंत्री नहीं दे पाए। उन्होंने पूछा कि वो कौन से सवालात थे- मैंने उन्हें बताया कि पहला सवाल तो जनसंख्या के विस्फोट को रोकने के सरकारी प्रयासों पर था। इसके जवाब में डॉ. सिंह ने स्व. संजय गांधी के दौर में चलाए गए जबरन नसबंदी अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि जबर्दस्ती जनसंख्या नियंत्रण का वह प्रयोग सफल नहीं हुआ था, इसलिए हमारी सरकार जन जागरुकता और नि:शुल्क निरोध बांटकर जनसंख्या वृद्धि दर को रोकने की कोशिश कर रही है।

फिर मेरा दूसरा सवाल यह था कि संसद में आपराधिक मुक़दमे दर्ज होने के बावजूद कई नेता चुनकर पहुंच रहे हैं। वहां बैठकर वे कानून बना रहे हैं। ऐसी स्थिति में कहीं ऐसा न हो कि एक दिन पूरी संसद पर ही आपराधिक तत्वों का कब्जा हो जाए। इसके जवाब में डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा कि नेताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमों का शीघ्र निपटारा करने के उद्देश्य से ही हमने फ़ास्ट ट्रेक कोर्ट बनाने का निर्णय लिया है, ताकि लंबित आपराधिक मुकदमों का जल्दी से जल्दी निपटारा हो सके।

इसके पश्चात मेरा तीसरा और अंतिम प्रश्न यह था कि आए दिन ये खबरें उड़ती रहती हैं कि बीना में लगने वाली पेट्रोलियम रिफाइनरी को अमेठी में शिफ्ट किया जा रहा है। उन्होंने साफ तौर पर इस खबर का खंडन किया और कहा कि बीना से रिफ़ाइनरी शिफ्ट नहीं होगी। ज़रूरत पड़ी तो अमेठी में नई पेट्रोलियम रिफाइनरी लगा दी जाएगी।

इस सवाल-जवाब से जाहिर है कि सभ्य, सहज, सरल और सौम्य स्वभाव के डॉ. मनमोहन सिंह कितने सख्त फैसले ले सकते थे, लेकिन दूसरे कार्यकाल में कांग्रेस हाईकमान ने ही उन्हें कमजोर कर दिया। अगर डॉ. सिंह को फ्री हैंड मिलता तो वे देश को कहां से कहां ले जा सकते थे। उनमें अपार क्षमता एवं योग्यता थी, किन्तु सियासी दांवपेंच से वे नावाक़िफ़ थे। इस मान से हम यह कह सकते हैं कि एक सक्षम, समर्थ और सादगी पसंद शख्सियत का अवसान देश के लिए अपूरणीय क्षति हैं। उनकी नीति-नीयत तो नि:संदेह क़ाबिले तारीफ़ थी।





# भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर अत्याचार का प्रतीक



## -बीपीएससी आंदोलन पर प्रियंका गांधी ने कहा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को पटना में छात्रों को कथित रूप से प्रताड़ित करने के लिए बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की आलोचना की।

बीते रविवार को पटना पुलिस ने 70वीं बीपीएससी संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हजारों अभ्यर्थियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और उन पर पानी की बौछार की।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है। लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है। इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठी चार्ज करना अमानवीय है। भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है।

बता दें कि व्यापक अनियमितताओं के आरोपों को लेकर परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों ने गांधी मैदान के पास धरना दिया तथा पुलिस के हस्तक्षेप के बावजूद सड़क खाली करने से इनकार कर दिया। जैसे ही प्रदर्शन तेज हुआ, पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पहले पानी की बौछार की। जब इससे भी कोई फायदा नहीं हुआ, तो लाठीचार्ज किया गया, जिससे कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए।

छात्रों ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ आंसू गैस और अत्यधिक शारीरिक बल का इस्तेमाल किया गया और दावा किया कि उन्हें जबरन सड़कों से घसीटा गया। महिला उम्मीदवारों ने भी झड़प के दौरान दुर्व्यवहार की बात कही। इन विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर, बिहार लोक सेवा आयोग ने लगभग 12,000 उम्मीदवारों के लिए 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा (सीसीई) की पुन: परीक्षा की घोषणा की। 4 जनवरी, 2024 को होने वाली पुन: परीक्षा में विशेष रूप से वे उम्मीदवार शामिल होंगे जो 13 दिसंबर को पटना के बापू परिसर परीक्षा केंद्र में उपस्थित हुए थे।



*मेजर जनरल मनोज तिवारी ने देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की.*

## जम्मू-कश्मीर : कठुआ में तैयार हो रहा एग्रो-पार्क, आलू की कई किस्में होंगी तैयार

कठुआ ,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के सरथल में 110 कनाल (1 बीघा में करीब 2.204 कनाल) जमीन में आलू की विभिन्न किस्मों को तैयार किया जाएगा। इसके लिए फार्म विकसित किया जा रहा है। उद्देश्य कृषि-पर्यटन और उच्च गुणवत्ता वाले कुफरी बादशाह बीज के उत्पादन को बढ़ाना और बीजों के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता कम करना है।

कठुआ जिले के मुख्य कृषि अधिकारी संजीव राय ने इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया, हमने सरथल में एक आलू का फार्म शुरू किया है, जो एक बड़ी और अनोखी परियोजना है। इस परियोजना के तहत, हम एग्रो-टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटन आधारित विकास भी कर रहे हैं। हमें जिला प्रशासन से 110 कनाल जमीन (1 बीघा में करीब 2.204 कनाल) आवंटित की गई है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाला आलू बीज, जो किसी भी रोग से मुक्त होता है, लगाया जाएगा। इस बीज का चयन इस क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के अनुसार किया गया है, ताकि यहां के किसानों को स्थानीय बीज मिले और उनकी उपज और उत्पादकता में सुधार हो।

उन्होंने आगे कहा, हमने पहले चरण में टेंडर जारी कर दिया है और यह परियोजना मुख्य सड़क से जुड़ी हुई है। यह चुनावी मार्ग और अन्य पर्यटन स्थल से भी संपर्क करती है। इस परियोजना को ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि इसमें टूरिज्म और कृषि दोनों को एक साथ बढ़ावा दिया जाएगा। इस क्षेत्र में अब तक बाहर से बीज आता था, लेकिन अब यहाँ की जलवायु के अनुसार स्थानीय बीज का उत्पादन होगा। इस परियोजना में एक बड़ा एग्रो-टूरिज्म केंद्र बनेगा। यहां लोग आलू की खेती के बारे में जान सकेंगे और कैसे इसे टूरिज्म से जोड़ा जा सकता है, यह देख सकेंगे। हम एक ओपन कैफे की भी व्यवस्था करेंगे, जहां पर्यटक इस हरे-भरे वातावरण का आनंद ले सकेंगे और आलू के साथ बैठ सकते हैं। इस सेंटर में कुछ आवासीय सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

उन्होंने कहा, एक पुल का निर्माण किया जाएगा, जो फार्म के दोनों हिस्सों को जोड़ने का काम करेगा। लोग मुख्य सड़क से पार्किंग में अपनी गाड़ियां खड़ी करके पुल पार करेंगे। वहां से एग्रो-टूरिज्म गतिविधियां शुरू होंगी। मार्च 2025 से पहले चरण में खेती की शुरुआत होगी। इस दौरान हम इस क्षेत्र में 25 से 30 प्रतिशत भूमि पर आलू की खेती शुरू करेंगे। हमारे इस परियोजना में कठुआ के उप-आयुक्त की पूरी सहयोग और आशीर्वाद है, और हम इसे जल्द से जल्द शुरू करने के लिए तैयार हैं।

## महाकुंभ में दिखेगा कैदियों के हुनर का कमाल, श्रद्धालु खरीदेंगे ताले ‘खास

अलीगढ़ ,(आरएनएस)। देश और दुनिया में अपने ताले और तालीम के लिए प्रसिद्ध अलीगढ़ अब एक नई पहचान बना रही है। अलीगढ़ जिला कारागार में बंद कैदी ताला बनाने के काम में जुट गए हैं। अलीगढ़ जेल में बने ताले देश-विदेश में प्रसिद्ध प्रयागराज महाकुंभ में उपयोग के लिए भेजे जाएंगे। जिला कारागार में रोजाना लगभग 1200 ताले बनाए जा रहे हैं, जिन्हें महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को सस्ते दामों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल से कैदियों को अपनी कला और कौशल को निखारने का मौका भी मिलेगा।

जेल अधीक्षक ने आगे कहा कि इस बार महाकुंभ के आयोजन में जेल विभाग का एक स्टॉल भी लगाया जाएगा, जहां कैदियों द्वारा निर्मित ताले और लकड़ी से बने विभिन्न सामान की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। महाकुंभ में आए लोग इन सामानों को खरीद सकते हैं। यह एक बड़ी पहल है, जिससे महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु ताले और अन्य सामान सस्ते दामों पर प्राप्त कर सकेंगे। अलीगढ़ जेल के अधीक्षक विजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जेल में कैदियों द्वारा विभिन्न प्रकार के सामान बनाए जा रहे हैं। इनमें शिवलिंग, ओम, संघ और अन्य धार्मिक प्रतीक शामिल हैं।

अधीक्षक के मुताबिक जेल में तालों को असेंबल किया जा रहा है और इन तालों का इस्तेमाल न केवल अलीगढ़, बल्कि बाहर भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेल में एक छोटी इकाई स्थापित की गई है, जहां कैदी रोजाना विभिन्न सामान तैयार कर रहे हैं, जिन्हें देशभर में भेजा जाता है।

जेल में बंद कैदी विनोद कुमार ने बताया कि वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। करीब दस महीने से जेल में है। विनोद ने कहा, जेल में ही मैंने ताला बनाने का काम सीखा है। हमारे अलीगढ़ के जेल के ताले अब देश-विदेश में मशहूर हैं। हमारे ताले अब महाकुंभ में भेजे जाएंगे। तैयारी पूरी है। हम और हमारे सभी प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह से इस प्रयास में लगे हुए हैं कि जितने भी बंदी यहां हैं, वह रोजगार की ओर बढ़ें। इस मौके पर हम अपने अधिकारियों का दिल से धन्यवाद करना चाहते हैं।

विनोद ने आगे कहा कि हमें बहुत अच्छा लग रहा है। जब हमारे ताले देश-विदेश जाएंगे, तो हमारा और हमारे जिले का नाम रोशन होगा। हम सभी बंदियों के लिए यह एक बहुत अच्छा अवसर है। अब हम बड़े खुशनसीब महसूस करते हैं कि हम यहां से कुछ नया सीख रहे हैं और हमें अपने काम का सम्मान मिल रहा है। हम रोजाना लगभग बारह से तेरह सौ ताले तैयार करते हैं।

# दिल्ली चुनाव से पहले केजरीवाल का एक और बड़ा दांव, पुजारी-ग्रंथियों को मिलेंगे 18,000 रुपये




नईदिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली के विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक और बड़ा दांव चला है।केजरीवाल ने सोमवार को पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करने की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत हर पुजारी और ग्रंथी को हर महीने 18,000 रुपये नकद दिए जाएंगे।केजरीवाल ने कहा कि योजना की शुरुआत मंगलवार 31 दिसंबर से होगी। उन्होंने भाजपा से अपील की कि पुजारी और ग्रंथियों की योजना को न रोकें।

केजरीवाल ने बताया, योजना का पंजीकरण कल से शुरू होगा। इसका शुभारंभ करने के लिए कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाऊंगा और वहां के पुजारियों का पंजीकरण करूंगा। इसके बाद दिल्ली के सभी मंदिर और गुरुद्वारों में हमारे विधायक, उम्मीदवार और कार्यकर्ता पुजारियों और ग्रंथियों का पंजीकरण करेंगे। मेरी भाजपा से हाथ जोड़कर विनती है महिला सम्मान और संजीवनी योजना की तरह पुजारी और ग्रंथियों की योजना रोकने की कोशिश न करें, उससे उनको बड़ा पाप लगेगा।

केजरीवाल महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ी योजनाओं का ऐलान कर चुके हैं, जिसे वे चुनाव जीतने के बाद लागू करेंगे।केजरीवाल ने वादा किया कि उनकी 2025 में जीतने पर उनकी सरकार महिला सम्मान राशि 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये करेगी।इसके अलावा 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को संजीवनी योजना के तहत किसी भी बीमारी का इलाज दिल्ली के किसी भी निजी-सरकारी अस्पतालों में बिल्कुल मुफ्त मिलेगा। इसके अलावा 24 घंटे नल से शुद्ध पानी मिलेगा।

## मंडी में पहाड़ से टैक्सी पर गिरा बड़ा पत्थर, मुंबई की महिला की मौत

शिमला, (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक परिवार को ले जा रही टैक्सी पर पहाड़ से बड़ा पत्थर गिरा, जिससे महिला पर्यटक की मौत हो गई।घटना चंडीगढ़-मनाली राजमार्ग पर मंडी के 4 माइल के पास घटी। टैक्सी में मुंबई का परिवार सवार था, जो छुट्टी मनाने हिमाचल आया था।मंडी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद ने बताया मृतक महिला का नाम प्रिया है, जबकि पति और टैक्सी चालक घायल हैं।

बताया जा रहा है कि परिवार छुट्टी मनाने मनाली आया था और रविवार को वापस मुंबई लौट रहा था, तभी 4 माइल के पास पहाड़ से गिरे पत्थर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के पास निर्माण कार्य चल रहा था, जिससे पत्थर सड़क पर गिरा। हादसे के बाद की तस्वीरों में कार पत्थर से कुचली नजर आ रही है। इससे पहले भी मंडी के जंजैहली इलाके में वाहनों पर पत्थर गिए थे।

## मुख्यमंत्री आवास के नीचे शिवलिंग है अखिलेश यादव के सवाल पर भाजपा ने दिया जवाब

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के नीचे शिवलिंग वाले बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है।यादव के बयान पर भाजपा के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा, 2013 में उन्होंने (यादव ने) 1,000 टन सोना निकालने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल किया था। वह सोना निकालने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें शिवलिंग से दिक्कत है। इसीलिए वह मुख्यमंत्री आवास की खुदाई की बात कर रहे हैं।लखनऊ में अखिलेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था, भाजपा सरकार अपनी विफलता छिपाने और जनता से जुड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए जगह-जगह खुदाई करवा रही है। हमारा मानना है कि मुख्यमंत्री आवास के नीचे भी एक शिवलिंग है। वहां भी खुदाई होनी चाहिए। निर्दोष लोगों के घरों को अवैध रूप से बुलडोजर से ध्वस्त किया जा रहा है। यह विकास नहीं बल्कि विनाश है। मुख्यमंत्री के हाथ में विकास की नहीं, विनाश की रेखा है।संभल में पिछले महीने शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के लिए स्थानीय कोर्ट के आदेश के बाद हिंसा शुरू हो गई थी, जिसमें कुछ युवकों की मौत हुई है।इसके बाद भी जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से यहां खुदाई अभियान चलाया जा रहा है और अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ बुलडोजर चल रहा है।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे नगर निगम के पहले महापौर और वरिष्ठ शिवसेना नेता सतीश प्रधान को मुंबई में श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनका वृद्धावस्था के कारण निधन हो गया था।

## बैंक कर्मचारी ने ही खाते से उड़ा दिए 12 करोड़ रुपए, बेंगलुरु में साइबर फ्रॉड से सनसनी

बेंगलुरु , (आरएनएस)। साइबर धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक्सिस बैंक के एक रिलेशनशिप मैनेजर और तीन अन्य लोगों को एक कंपनी के खाते से 12 करोड़ रुपये उड़ाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कर्नाटक पुलिस ने वित्तीय धोखाधड़ी और साइबर फ्रॉड के आरोप में यह कार्रवाई की है।पुलिस के अनुसार, एक्सिस बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर वैभव पिथादिया (29 वर्ष) ने अपने सहयोगियों बैंकिंग एजेंट नेहा बेन विपलभाई, इंश्योरेंस एजेंट शैलेश और कमीशन एजेंट शुभम के साथ मिलकर बेंगलुरु स्थित कंपनी ड्रीमप्लग पेटेक सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड को 12.2 करोड़ रुपये का चूना लगाया।ड्रीमप्लग के एग्जीक्यूटिव नरसिम्हा वसंत शास्त्री की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। कंपनी के अधिकारियों ने 12 नवंबर को अपने खाते में कुछ संदिग्ध लेनदेन देखे थे, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में पता चला कि 29 अक्टूबर से 11 नवंबर के बीच एक्सिस बैंक के दो खातों से 12.2 करोड़ रुपये निकाले गए थे। आरोपियों ने ड्रीमप्लग के खातों में हेरफेर करके उनका एक्सेस हासिल कर लिया था। उन्होंने जाली हस्ताक्षर करके कंपनी के बोर्ड का एक प्रस्ताव भी तैयार किया था, जिसमें ईमेल आईडी और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदलने का अनुरोध किया गया था। आश्चर्यजनक रूप से, एक्सिस बैंक ने इस जाली प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी। इसके बाद, आरोपियों ने वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) के माध्यम से 37 लेनदेन किए। ड्रीमप्लग ने अंकलेश्वर और अबरामा बैंक शाखा में भी इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। एक्सिस बैंक के रिकॉर्ड से पता चला कि 2021 में इन खातों को चार यूजर आईडी दी गई थीं, जिनमें से केवल दो ही सक्रिय थीं। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने कुल 15 करोड़ रुपये का लेनदेन करने का प्रयास किया था, लेकिन दो यूजर आईडी निष्क्रिय होने के कारण वे केवल 12.2 करोड़ रुपये ही निकाल पाए।पैसे देश भर के कई खातों में स्थानांतरित किए गए। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि एक्सिस बैंक की प्रक्रियाओं में कहाँ चूक हुई जिसके चलते आरोपियों ने वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। पुलिस ठगी गई राशि को वापस लाने की प्रक्रिया भी शुरू कर चुकी है।

## बिहार में बीपीएससी अभ्यर्थियों को उकसाने के आरोप में प्रशांत किशोर के खिलाफ मामला दर्ज

पटना (आरएनएस)। बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के विरोध-प्रदर्शन को उकसाने के आरोप में प्रशांत किशोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। चुनावी रणनीतिकार से नेता बने किशोर और उनकी जन सुराज पार्टी के सदस्यों पर अभ्यर्थियों को भड़काने का आरोप लगा है, जिससे वे सड़क आ गए और अशांति फैलाई।किशोर के साथ पार्टी के बिहार प्रमुख मनोज भारती समेत 19 नामजद और 600 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।बिहार पुलिस ने बताया कि जन सुराज पार्टी ने शनिवार को गांधी मैदान में छात्र संसद आयोजित करने की जानकारी जिला प्रशासन को दी थी, जिसे अस्वीकार कर पार्टी को अनुमति नहीं दी गई।इसके बाद भी पार्टी ने रविवार को गांधी प्रतिमा के पास भीड़ इकट्ठा की और भाषण दिया, जिससे विरोध-प्रदर्शन भड़क गया और कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हुई।एफआईआर में कोचिंग संस्थान संचालक निखिल मणि, सुभाष ठाकुर, शुभम स्नेहल, प्रशांत किशोर के 2 बाउंसर भी शामिल हैं।

# भारत को मलेरिया, कालाजार और लिम्फैटिक बीमारियों के खिलाफ मिली बड़ी सफलता

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत ने मलेरिया, कालाजार, लिम्फैटिक फिलेरियासिस जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के मामलों और मौतों के लिए निर्धारित की टार्गेट्स को प्राप्त कर लिया है। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) इन बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत ने मलेरिया के बोझ को कम करने में काफी प्रगति की। मंत्रालय ने कहा कि देश ने 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों में 80.53 प्रतिशत और मलेरिया से मौतों में 78.38 प्रतिशत की कमी हासिल की है। साल 2024 (अक्टूबर तक अस्थायी आंकड़े) में मलेरिया के मामलों में 13.66 प्रतिशत का वृद्धि और मलेरिया से मौतों में 32.84 प्रतिशत की कमी आई है।

इस साल, अक्टूबर तक 23 राज्यों में निगरानी भी बढ़ा दी गई है। भारत का लक्ष्य 2030 तक मलेरिया को खत्म करना है। मंत्रालय ने आगे कहा कि 2024 में देश में कालाजार के मामलों में 22.18 प्रतिशत की कमी आई है। अक्टूबर तक कालाजार के लगभग 421 मामले रिपोर्ट किए गए हैं। वहीं, 2023 के समान अवधि में 541 मामले रिपोर्ट किए गए थे। खास बात यह है कि देश 2023 के अंत तक प्राप्त किए गए 633 एंडेमिक ब्लॉक्स में उन्मूलन लक्ष्य को बनाए रख रहा है। उन्मूलन लक्ष्य को ब्लॉक स्तर पर प्रति 10 हजार जनसंख्या पर एक से कम मामले की वार्षिक घटना के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने ब्लॉक स्तर पर प्रति 10,000 जनसंख्या पर 1 से अधिक कालाजार मामले की रिपोर्ट करने वाले स्थानिक ब्लॉकों की संख्या शून्य रही और आज तक उन्मूलन की स्थिति को बनाए रखा है। इसके अलावा, लिम्फेटिक फाइलेरियासिस को खत्म करने के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान ने 2024 में पात्र आबादी के बीच 94 प्रतिशत कवरेज देखा है। साल 2023 में एमडीए अभियान राष्ट्रीय स्तर पर 82 प्रतिशत कवरेज तक पहुंच गया।लिम्फैटिक फिलेरियासिस को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत, एमडीए अभियान ने 13 राज्यों के 159 जिलों के 1,634 ब्लॉक्स में कवरेज रिपोर्ट किया। मंत्रालय के अनुसार, इन क्षेत्रों में एमडीए दो चरणों में आयोजित किया गया था। लिम्फैटिक फिलेरियासिस को आमतौर पर हाथीपांव के नाम से जाना जाता है, एक गंभीर, अपंग करने वाली और दुर्बल करने वाली बीमारी है, जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है। यह उष्णकटिबंधीय इलाकों में ज्यादातर पनपती है जिसे भारत सरकार ने 2030 के वैश्विक लक्ष्य से पहले खत्म करने का लक्ष्य रखा है।

## अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स का हुआ आगाज, बुलंद दरवाजे पर चढ़ाया गया झंडा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दरगाह के खादिम हसन हाशमी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया, गरीब नवाज की दरगाह में सदियों से झंडा चढ़ाए जाने की रस्म अदा की जा रही है। इसी के तहत आज भी बुलंद दरवाजे पर झंडा फहराया गया और इसे गौरी परिवार ने पूरा किया है। उन्होंने आगे कहा, यह मन्नत का झंडा है जो लंबे समय से ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में हर साल चढ़ाया जाता है। आज से उर्स की शुरुआत हो चुकी है। हम ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह से यही संदेश देते हैं कि चाहे वह किसी भी धर्म से क्यों न हो। हमारा यही मानना है कि वह यहां आए और अपनी मुराद पूरी करे। दरअसल, ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर झंडे की रस्म को भीलवाड़ा का गौरी परिवार पूरा करता है। गौरी परिवार के अनुसार, यह परंपरा काफी साल से चली आ रही है। साल 1928 से फखरुद्दीन गौरी के पीर-मुर्शिद अब्दुल सत्तार बादशाह ने झंडे की रस्म को शुरु किया था। इसके बाद 1944 से उनके दादा लाल मोहम्मद गौरी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके निधन के बाद साल 1991 से उनके बेटे मोईनुद्दीन गौरी ने इस रस्म को निभाया। हालांकि, साल 2007 से फखरुद्दीन गौरी इस रस्म को अदा कर रहे हैं।

# डेनिम बॉडीकॉन ड्रेस पहन एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने दिखाई हॉटनेस, लेटेस्ट फोटोज देख दिल हार बैठेंगे आप



साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना तमन्ना भाटिया आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं है। उन्होंने ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपनी अदाकारी से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने अपनी बेहद ही खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका सेक्सी अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। विजय वर्मा के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चाओं में हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान डेनिम आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें उनकी हॉटनेस देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं।कर्ली बाल और वाइन हील्स पहनकर तमन्ना भाटिया ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अपन इस लुक में गजब की खूबसूरत नजर आ रही हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की इन फोटोज को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अबतक 3 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने सुंदर, इंडियन ब्यूटि, सुपर्ब, गॉर्जियस जैसे कॉमेंट्स कर के अपने रिएक्शंस दिए हैं।

# मिसमैच्ड 3 पर अहसास चन्ना ने कहा, ऐसा जटिल किरदार मैंने पहले कभी नहीं निभाया

***अभिनेत्री अहसास चन्ना ने मिसमैच्ड 3 में अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि इस तरह का जटिल किरदार उन्होंने पहले कभी नहीं निभाया।अहसास चन्ना ने कहा, मिसमैच्ड में मेरा किरदार पिछले सीजन से थोड़ा हटकर है। इस बार मेरे किरदार में कुछ अलग देखने को मिलेगा।***



बेशक आपको अनमोल और विन्नी का इसमें रोमांटिक रिश्ता देखने का मिलता है, मिसमैच्ड इन युवाओं के रोमांटिक रिश्तों के बारे में ही है।

यह पूछे जाने पर कि यह उनके पहले के किरदारों से इस बार की किरदार कितना अलग है, उन्होंने कहा, यह निश्चित रूप से मेरे पहले के किरदारों से बहुत अलग है। वह बहुत जागरूक है और सही-गलत में अंतर जानती है और नैतिकता की बहुत मजबूत समझ रखती है।

मैंने पहले कभी इस तरह का किरदार नहीं निभाया जो इतना जटिल हो।

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि वेब सीरीज एक पैटर्न में आ गई है और इसे फिर से बनाने की जरूरत है, तो अभिनेत्री ने कहा कि वह इस सवाल का जवाब देने के लिए बहुत छोटी हैं।

अहसास ने कहा: हां, मैंने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई तरह के किरदारी निभाए हैं। उनमें से प्रत्येक एक-दूसरे से बहुत अलग हैं।

अहसास ने कहा, मैंने इस पर बहुत ज्यादा विचार नहीं किया है। हमारे फिल्म अभिनेता और टीवी अभिनेता ज्यादा लोकप्रिय हैं। लेकिन ऐसा इसलिए भी है क्योंकि उनके पास ज्यादा फॉलोअर्स हैं। ओटीटी एक प्लेटफॉर्म के रूप में अन्य दो की तुलना में बहुत नया है। लेकिन ऐसा कहने के बाद मुझे नहीं लगता कि अभी किसी भी माध्यम के बीच कोई स्पष्ट अंतर है। फिल्म अभिनेता ओटीटी कंटेंट कर रहे हैं। ओटीटी अभिनेता फिल्म कंटेंट कर रहे हैं।

## श्रृंगारिका का टीजर हुआ रिलीज, जनवरी 2025 में आएगा अतरंगी ऐप पर

अतरंगी ऐप पर जल्द ही रिलीज होने वाली सीरीज 'श्रृंगारिका' का टीजर हाल ही में लॉन्च किया गया है. यह मिस्ट्री, रोमांस और जादू से भरपूर सीरीज जनवरी 2025 में प्रीमियर के लिए तैयार है. 'श्रृंगारिका' की कहानी एक ऐसी दुनिया में ले जाएगी, जहां प्यार और विश्वासघात के बीच जंग होती है और भाग्य अपने राज खोलता है. इस टीजर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है, और इसकी भव्यता और रोमांचक कहानी ने सोशल मीडिया पर चर्चा का माहौल बना दिया है.

अतरंगी ऐप ने हमेशा अनोखे और मनोरंजक कंटेंट प्रस्तुत किए हैं, और 'श्रृंगारिका' इस परंपरा को आगे बढ़ाने का वादा करती है. यह सीरीज सिर्फ अतरंगी ऐप पर उपलब्ध होगी. तो तैयार हो जाइए एक रोमांचक सफर के लिए, जहां प्यार और जादू की दुनिया में आपको डुबकी लगाने का मौका मिलेगा. 'श्रृंगारिका' जनवरी 2025 में आपका इंतजार कर रही है.

शो की कहानी एक रानी श्रृंगारिका के जीवन पर आधारित है, हालांकि किरदार के बारे में ज़्यादा कुछ नहीं बताया गया है, टीज़र की शुरुआत एक राजा से होती है जो एक महल में रहता है जहाँ उसकी रानी उसके साथ होती है।

## वाइल्ड फायर बनी पुष्पा 2, बॉक्स ऑफिस पर बरकरार है अल्लू अर्जुन की फिल्म का दबदबा



*बॉक्स ऑफिस पर अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' का जलवा बरकरार है. इस फिल्म की कमाई की रफ्तार जारी है. कुछ दिनों पहले ही देशभर में फिल्म ने 1000 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया था और अब इसकी कमाई 1100 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है. 24वें दिन फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया है. चलिए आपको बताते हैं कि अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' ने भारत में अब तक कितने करोड़ की कमाई कर ली है.अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' साल 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले हफ्ते 725.8 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. दूसरे हफ्ते 264.8 करोड़ रुपये की कमाई हुई. तीसरे हफ्ते फिल्म ने 129.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. वहीं, 'पुष्पा 2: द रूल' ने चौथे शुक्रवार को 8.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया.अब चौथे शनिवार की कमाई का लेटेस्ट आंकड़ा सामने आ गया है. सैकनिल्क के अनुसार, अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' ने 24वें दिन देशभर में 12.5 करोड़ रुपये की कमाई की है. इस तरह भारत में फिल्म अब तक 1141.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर चुकी है. इसमें हिंदी वर्जन का कलेक्शन 700 करोड़ रुपये है. इसके साथ ही 'पुष्पा 2: द रूल' अल्लू अर्जुन के करियर की हाईएस्ट ग्रोसिंग फिल्म बन चुकी है.वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो 'पुष्पा 2: द रूल' दुनियाभर में 1700 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है. यह आमिर खान की 'दंगल' और प्रभास की 'बाहुबली 2' के बाद सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी इंडियन फिल्म बन गई है. अगर इसी रफ्तार से अल्लू अर्जुन की फिल्म कमाई करती रही तो बहुत जल्द 'बाहुबली 2' का रिकॉर्ड टूट सकता है.गौरतलब है कि अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' का डायरेक्शन सुकुमार ने किया है और कहानी भी उन्होंने ही लिखी है. इसमें रश्मिका मंदाना, फहद फाजिल, जगपति बाबू, सुनील और राव रमेश जैसे सितारे अहम किरदारों में हैं. फिल्म का पहला पार्ट पुष्पा: द राइज' साल 2021 में आई थी जो बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई.*

## फिल्म डाकू महाराज से नंदमुरी बालकृष्ण का नया पोस्टर जारी

डाकू महाराज में बालकृष्ण का सामूहिक अवतार सबको चौंका देगा। बालकृष्ण अपनी आगामी सामूहिक एक्शन एंटरटेनर डाकू महाराज के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए कमर कस रहे हैं। बॉबी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 12 जनवरी 2025 को एक शक्तिशाली संक्रांति स्पेशल के रूप में भव्य रिलीज के लिए तैयार है।

निर्माता दिलचस्प और रोमांचक पोस्टर के साथ फिल्म प्रेमियों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। निर्माताओं ने एक नया पोस्टर जारी किया जिसमें बालकृष्ण को जीप चलाते हुए दिखाया गया है।

बालकृष्ण लाल शर्ट और नीली जींस में भारी भरकम दिख रहे थे और जीप चलाते हुए पीछे की ओर देख रहे थे। पोस्टर देखकर प्रशंसक खुशी से झूम उठे हैं और उन्हें भरोसा है कि फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित होगी।

फिल्म में प्रज्ञा जायसवाल, श्रद्धा श्रीनाथ और उर्वशी रौतेला मुख्य भूमिका में हैं, जबकि बॉबी देओल खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। थमन इस फिल्म के संगीत निर्देशक हैं, जिसकी छायांकन विजय कार्तिक कन्नन ने किया है और संपादन निरंजन देवरामने ने किया है।

## 100 करोड़ क्लब में एंट्री लेने से कुछ कदम दूर मुफासा, वीकेंड पर लगाई लंबी छलांग



*बैरी जेनकिंस की निर्देशित डिज्नी की सबसे चर्चित प्रीक्वल और द लायन किंग (2019) की सीक्वल ने पिछले 8 दिनों में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर, हॉलीवुड फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने नौ दिनों के प्रदर्शन के दौरान 83.97 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म को भारतीय दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। मुफासा को रिलीज हुए पूरे नौ दिन हो गए हैं। तो आइए जानते हैं कि फिल्म ने शनिवार को कितना कलेक्शन किया है।*

*मुफासा ने अपने पहले हफ्ते में 74.25 करोड़ रुपये की कमाई की है, जबकि पहले दिन इसने 8.3 करोड़ रुपये की कमाई की थी। 8वें दिन यानी शुक्रवार को कमाई में 5.71 प्रतिशत की गिरावट आई और फिल्म ने 6.6 करोड़ रुपये की कमाई की। हालांकि, वीकेंड पर फिल्म ने फिर से रफ्तार पकड़ी है और शानदार कमाई की है।*

# हर बात पर हो जाता है मूड खराब, खाने में इन फूड को करें शामिल, स्ट्रेस लेवल होगा कम



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव या स्ट्रेस एक आम समस्या बन चुकी है. इसका सीधा असर हमारे मूड पर पड़ता है. मूड खराब होना, चिड़चिड़ापन महसूस करना आदि, तनाव के सामान्य लक्षण हैं. इसका कारण होता है

कार्टिसोल हार्मोन का बढ़ना.कई बार शरीर में मैग्नीशियम की कमी के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है. ऐसे में मैग्नीशियम से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन आपके तनाव को कम करने और मूड को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है. अगर आप भी स्ट्रेस से परेशान हैं, तो अगली बार इन हेल्दी स्नैक्स को आजमाएं. ये न केवल आपके मूड को बूस्ट करेंगे, बल्कि आपकी सेहत के लिए भी फायदेमंद होंगे.

### हल्दी वाली लस्सी

हल्दी वाले दूध के फायदे तो आपने सुने होंगे, लेकिन अब हल्दी वाली लस्सी का स्वाद और फायदा लें. हल्दी वाली लस्सी तनाव कम करने में बहुत कारगर है. इसे बनाने के लिए दही में हल्दी, शहद, पंपकिन सीड्स और बारीक कटे बादाम मिलाएं. यह जिंक और मैग्नीशियम से भरपूर होती है, जो कार्टिसोल लेवल को कम करती है और मूड को बेहतर बनाती है.

### सफेद चने का सलाद

सफेद चने का सलाद न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि यह आपकी सेहत के लिए भी लाभकारी है. इसे बनाने के लिए उबले हुए सफेद चनों में खीरा, टमाटर, जीरा पाउडर, काली मिर्च, नींबू का रस और काला नमक मिलाएं. यह सलाद फाइबर, विटामिन ष्ट और मैग्नीशियम से भरपूर है, जो आपको दिनभर ऊर्जावान बनाए रखता है और तनाव को दूर करता है

### अलसी और ज्वार के लड्डू

अलसी और ज्वार से बने लड्डू न केवल टेस्टी होते हैं, बल्कि ये आपके कार्टिसोल लेवल को भी कंट्रोल करते हैं. इन्हें आप आसानी से घर पर बना सकते हैं. ये लड्डू मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं और आपका मूड बूस्ट करने में मदद करते हैं.

### हल्दी दूध और अखरोट


रात को सोने से पहले हल्दी वाला गर्म दूध पीना शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है. इसमें अगर बारीक कटे हुए अखरोट डाल दिए जाएं, तो इसका असर और बढ़ जाता है. यह मैग्नीशियम और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो न केवल तनाव को कम करता है, बल्कि आपको बेहतर नींद भी देता है.

### घी में रोस्ट मखाने

मखाने, जो मैग्नीशियम का एक अच्छा स्रोत हैं, को घी में भूनकर खाना न केवल टेस्टी है, बल्कि यह आपकी सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है.

यह स्नैक ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी को पूरा करता है और स्ट्रेस लेवल को भी कम करता है.

# सर्दी में बंद नाक खोलने का सबसे सेफ तरीका, मिनटों में मिलेगा आराम



सर्दियों में अक्सर लोग बंद नाक, खांसी और गले में दर्द से परेशान रहते हैं. रेस्पिरेटरी संबंधी समस्याओं के होने की वजह से लोगों को सांस लेने तक में दिक्कत होती है. सर्दी में सुबह-सुबह नहाकर घर से बाहर निकलते ही अक्सर लोगों की नाक जाम होने लगती है. गिरते तापमान और दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की वजह से भी कई बार लोगों की नाक बंद हो जाती है. इसके अलावा सर्दी में नाक बंद होने का कारण जुकाम, फ्लू या साइनस संक्रमण, एलर्जी हो सकती है. इसके अलावा शराब का सेवन और तनाव की वजह से भी लोगों की नाक बंद हो जाती है. आइए जानते हैं कि कौन से घरेलू नुस्खें ऐसे हैं जिनसे बंद नाक का उपचार किया जा सकता है.

### गर्म पानी की भांप लें

सर्दी में बंद नाक से परेशान हैं तो आप गर्म पानी की भांप लें. भांप लेने से ना सिर्फ बंद नाक खुलेगी बल्कि सर्दी जुकाम का भी इलाज होगा. भांप लेने के लिए आप पानी में विक्स डालकर भी भांप ले सकती हैं.

### तुलसी के पत्ते और काली मिर्च की चाय पीएं

बंद नाक को खोलने के लिए आप काली मिर्च और तुलसी के पत्तो की चाय का सेवन दिन में दो बार रोजाना करें. काली मिर्च और तुलसी के पत्ते इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग करेंगे और बंद नाक उपचार भी करेंगे.

### लहसुन के पानी का सेवन करें

बंद नाक को खोलने के लिए आप लहसुन की दो बालियों को एक गिलास पानी में मिला लीजिये और उस पानी को 5-6 मिनट तक पकाएं और गुनगुना ही इसका सेवन करें. दिन में दो बार इस पानी का सेवन करने से बंद नाक से निजात मिलेगी.

### नारियल तेल की बूंदें नाक में डालें

बंद नाक से परेशान हैं तो नारियल तेल की कुछ बूंदें नाक में डालें आपको बेहद फर्क महसूस होगा.

### मास्क लगाना न भूलें

घर से निकलते ही नाक बंद होने लगती है तो आप मुंह पर मास्क लगाएं. मास्क लगाने से आपको डस्ट से एलर्जी होने का खतरा नहीं रहेगा और नाक भी जाम नहीं होगी.

# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर का निधन, 100 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

वाशिंगटन ,(आरएनएस) । अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का निधन हो गया है। वह 100 वर्ष के थे। अटलांटा जर्नल-कॉन्स्टिट्यूशन की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है।

जिमी कार्टर की चैरिटी कार्टर सेंटर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस जानकारी की पुष्टि की। श्री कार्टर ने 1977 से 1981 तक 39वें अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। वह नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और सबसे लंबे समय तक जीवत रहने वाले पूर्व राष्ट्रपति थे। अमेरिकी इतिहास में कार्टर में सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले पहले राष्ट्रपति थे। उनकी विरासत मानवाधिकार और मानवता की सेवा से भरी हुई है। लेकिन जब वह राष्ट्रपति थे तो उन्हें काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। बता दें कि जिमी कार्टर मेलानोमा नामक स्किन कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। उन्हें साल 2002 में शांति वार्ताओं, मानवाधिकारों के लिए अभियान चलाने और समाज कल्याण के लिए काम करने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति कार्यकाल समाप्त होने के बाद कार्टर ने मानव अधिकार सम्बंधित अनेक संस्थाओं, एवं अनेक परोपकारी संस्थाओं के साथ काम किया है। 1982 में कार्टर ने अटलांटा, जॉर्जिया स्थित एमरी विश्वविद्यालय में कार्टर प्रेसिडेंशियल सेंटर की स्थापना की जो लोकतंत्र और मानव अधिकार सम्बंधित कार्य करता है।

# दक्षिण कोरिया विमान दुर्घटना : 179 लोगों की मौत, विश्व नेताओं ने जताया शोक

सोल ,(आरएनएस) । दक्षिण कोरिया के साउथ वेस्ट में एक एयरपोर्ट पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हुए पैसेंजर जेट में सवार 179 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। विश्व नेताओं ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है और दक्षिण कोरिया के प्रति संवेदना और एकजुटता व्यक्त की है। रविवार को अग्निशमन अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि स्थानीय समयानुसार रात 8:38 बजे घटनास्थल से 179 लोगों के शव बरामद किए गए, केवल दो चालक दल के सदस्य ही बचाए जा सके।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह देश के आधुनिक इतिहास की सबसे खराब हवाई दुर्घटना है। इससे पहले 1993 में हुई एक विमान दुर्घटना में 66 लोग मारे गए थे। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रविवार को हादसे पर दुख व्यक्त किया और दक्षिण कोरिया के प्रति समर्थन जताया।

व्हाइट हाउस के बयान में कहा गया, जिल और मैं दक्षिण कोरिया के मुआन में जेजू एयरलाइन दुर्घटना के परिणामस्वरूप हुई जानमाल की हानि के बारे में जानकर बहुत दुखी हैं। करीबी सहयोगियों के रूप में, अमेरिकी नागरिक दक्षिण कोरियाई लोगों के साथ गहरी दोस्ती का बंधन साझा करते हैं, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के साथ हैं। अमेरिका किसी भी तरह की आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। जापानी प्रधानमंत्री इशिबा शिगेरू ने अपनी सरकार और जापानी



लोगों की ओर से शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

जापान के पीएम ऑफिस की ओर से जारी बयान में कहा गया, दक्षिण कोरिया में हुई विमान दुर्घटना की वजह से कई बहुमूल्य लोगों की जान जाने से मैं बहुत दुखी हूं। जापान सरकार और जनता की ओर से मैं जानमाल के नुकसान पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करना चाहता हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो घायल हुए हैं, मुझे पूरी उम्मीद है कि वे जल्दी ठीक हो जाएंगे।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी विमान दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। यूनाइटेड किंगडम के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास मामलों के राज्य सचिव डेविड लैमी और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग ने इस दुखद दुर्घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक को भेजे संदेश में कहा कि वे दुर्घटना के बारे में जानकर 'हैरान' हैं।

चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने उनके हवाले से बताया, मैं पीड़ितों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, पीड़ित परिवारों के प्रति सच्ची सहानुभूति व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार यह हादसा तब हुआ जब रविवार सुबह 175 यात्रियों और छह चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रहा जेजू एयर का यात्री विमान मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा और उसमें विस्फोट हो गया।

विमान उतरते समय रनवे से फिसल गया, उसका लैंडिंग गियर खुला नहीं था, वह कंक्रीट की दीवार से टकराया और आग की लपटों में घिर गया। दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक नेमुआन काउंटी को विशेष आपदा क्षेत्र घोषित किया और दुर्घटना स्थल का दौरा किया।

## दर्दनाक हादसा : यात्रियों से भरा ट्रक नदी में गिरा, 60 लोगों की मौत; शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे

अदीस अबाबा (ए.) । अफ्रीकी देश इथियोपिया में बड़ा हादसा हुआ है। यहां यात्रियों से भरा एक ट्रक नदी में जा गिरा। हादसे में 60 लोगों की जान गई है। दक्षिणी सिदामा क्षेत्र के अधिकारियों के मुताबिक यह भीषण हादसा बोना जिले में हुआ है। क्षेत्रीय संचार ब्यूरो ने रविवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि हादसे में घायल लोगों का बोना जनरल अस्पताल में इलाज चल रहा है। सरकारी इथियोपियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने मुताबिक सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बता दें कि इथियोपिया में भीषण सड़क दुर्घटनाएं आम हैं। खराब ड्राइविंग मानक और खस्ताहाल वाहन यहां सुरक्षित यातायात के मार्ग पर सबसे बड़े बाधक हैं। करीब छह साल पहले 2018 में भी इथियोपिया में एक बड़ा हादसा हुआ था। इस हादसे में छात्रों से भरी एक बस खड्डे में जा गिरी थी, जिसमें 38 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी।

## सीरिया : कथित 'असद मिलिशिया' के 300 सदस्य गिरफ्तार

दमिश्क (आरएनएस) । सीरिया के नए अंतरिम प्रशासन ने 'असद मिलिशिया के बचे हुए हिस्से' पर कार्रवाई करते हुए 300 लोगों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दी। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने पुष्टि की कि अंतरिम अधिकारियों ने शनिवार को तटीय प्रांत लताकिया में और गुरुवार को हामा में 'असद के मिलिशिया' के कई संदिग्धों को पकड़ा। सना ने 'बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद' जब्त किए जाने की भी सूचना दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, नए प्रशासन के तहत सुरक्षा बलों ने गुरुवार को दमिश्क, लताकिया, टारटस और होम्स के आसपास पूर्ववर्ती अधिकारियों से जुड़े व्यक्तियों को निशाना बनाकर व्यापक अभियान चलाया। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के प्रमुख रामी अब्दुल रहमान ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में पूर्व शासन मुखबिर, ईरान समर्थक लड़ाके, हत्याओं और यातनाओं के आरोपी लोअर रैंक सैन्य अधिकारी शामिल हैं।

### दमिश्क के पास सीरियाई हथियार डिपो पर संदिग्ध इज़रायली हमले में 11 की मौत

दमिश्क (आरएनएस) । सीरिया के ग्रामीण दमिश्क में आद्रा औद्योगिक शहर के पास एक हथियार डिपो में हुए बड़े धमाके में अब तक 11 लोग मारे जा चुके हैं। युद्ध मॉनिटर की रिपोर्ट के मुताबिक, मारे गए लोगों में ज्यादातर नागरिक हैं। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स और स्थानीय मीडिया के मुताबिक, शवों को निकालने और मलबा हटाने के लिए खोज और बचाव दल घटनास्थल पर काम कर रहे हैं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, धमाके के कारण मलबा उड़ गया और बशर अल-असद की सरकार से जुड़ी एक जगह को काफी नुकसान हुआ है। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया था कि कम से कम दो लोग मारे गए थे, लेकिन दिन भर मरने वालों की संख्या बढ़ती रही। एक वीडियो में जो ऑनलाइन पोस्ट किया गया था, उसमें भारी तबाही और कई मौतें दिखाई गईं।

गुटेरेस ने कहा कि इज़रायल और सीरिया को 1974 के सेनाओं के विघटन समझौते की शर्तों को बनाए रखना चाहिए, जो पूरी तरह से लागू हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने पत्रकारों से कहा, यह एक महत्वपूर्ण क्षण है उम्मीद और इतिहास का क्षण, लेकिन इसमें बड़ी अनिश्चितता भी है।

# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी के निधन पर बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप ने जताया शोक



वाशिंगटन ,(आरएनएस) । पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर का रविवार को 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह अब तक के सबसे अधिक उम्र तक जीवित रहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति थे। वह भारत आने वाले तीसरे अमेरिकी राष्ट्रपति भी थे। कार्टर का निधन उनके घर जॉर्जिया में हुआ। वह त्वचा के कैंसर (मेलानोमा) से पीड़ित थे, जो उनके लीवर और दिमाग तक फैल गया था। उन्होंने इलाज बंद कर दिया था और घर पर ही देखभाल में थे।

उनकी मृत्यु की जानकारी अटलांटा स्थित कार्टर सेंटर ने दी। उनके बेटे चिप कार्टर ने कहा, मेरे पिता मेरे लिए और उन सभी के लिए नायक थे, जो शांति, मानवाधिकार और निस्वार्थ प्रेम में विश्वास रखते हैं। उन्होंने लोगों को एक साथ जोड़कर पूरी दुनिया को हमारा परिवार बना दिया। उनकी स्मृति का सम्मान करने के लिए इन मूल्यों को अपनाते रहें।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कार्टर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, यह एक दुखद दिन है, लेकिन इसके साथ ही उनके साथ जुड़ी हुई ढेर सारी अविश्वसनीय यादें भी हैं। मेरे विचार से आज अमेरिका और विश्व ने एक उल्लेखनीय लीडर खो दिया। वह एक राजनेता और मानवतावादी थे और मैंने एक प्रिय मित्र को भी खो दिया। मैं 50 वर्षों से अधिक समय से जिमी कार्टर को जानता हूं।

उन वर्षों में मेरी उनके साथ अनगिनत बातचीत हुई हालांकि मुझे जिमी कार्टर के बारे में जो बात असाधारण लगती है, वह यह है कि दुनिया भर में लाखों लोग महसूस करते हैं कि उन्होंने एक दोस्त भी खो दिया है, भले ही वे उनसे कभी नहीं मिले हों। ऐसा इसलिए है क्योंकि जिमी कार्टर ने कथनी में नहीं बल्कि करनी में यकीन रखा। उन्होंने न केवल घर में, बल्कि दुनिया भर में बीमारी को खत्म करने के लिए काम किया। उन्होंने शांति कायम की, नागरिक अधिकारों, मानवाधिकारों को आगे बढ़ाया और दुनिया भर में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को बढ़ावा दिया।

वहीं अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि जिम्मी के राष्ट्रपति बनने के समय हमारा देश नाजुक दौर से गुजर रहा था और उन्होंने अमेरिकी लोगों के जीवन में सुधार के लिए अपनी ओर से हर संभव प्रयास किए। इसके लिए, हम सब उनके आभारी हैं। इस मुश्किल समय में मैं और मेरी पत्नी कार्टर के परिवार और उनके प्रियजनों के बारे में सोच रहे हैं। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि उनको अपने दुआओं में रखें।

## चीन के क्वांग्शी में समुद्री पुल यातायात के लिए खुला

बीजिंग (आरएनएस) । चीन के क्वांग्शी चंग स्वायत्त प्रदेश के छिंगझोउ शहर में स्थित लुंगमेन ब्रिज को 29 दिसंबर को यातायात के लिए खोल दिया गया। इससे फांगछेंग बंदरगाह और छिंगझोउ बंदरगाह के बीच यात्रा का समय डेढ़ घंटे से कम होकर लगभग 25 मिनट हो गया है।

लुंगमेन ब्रिज परियोजना चीन की राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क योजना (2013-2030) में डांडोंग से डोंगक्सिंग क्वांग्शी तटीय राजमार्ग तक राष्ट्रीय राजमार्ग जी228 की मुख्य लाइन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। परियोजना मार्ग की कुल लंबाई 7.637 किलोमीटर है, जिसमें पुल की लंबाई 6,597 मीटर है। मुख्य चैनल ब्रिज 1,098 मीटर की अवधि वाला एक सिंगल-स्पैन क्रेन पूरी तरह से फ्लोटिंग सिस्टम स्टील बॉक्स गर्डर सस्पेंशन ब्रिज है, जो 20 हजार टन के क्रूज जहाजों की नेविगेशन आवश्यकताओं को पूरा करता है। साथ ही मुख्य चैनल पुल दो-तरफा छह-लेन प्रथम श्रेणी राजमार्ग निर्माण मानकों को अपनाता है, जिसमें 100 किलोमीटर प्रति घंटे की डिजाइन की गई ड्राइविंग गति है।बताया जाता है कि एक प्रमुख बुनियादी ढांचा सहायता परियोजना के रूप में, लुंगमेन ब्रिज परियोजना को यातायात के लिए खोले जाने के बाद, यह क्वांग्शी तटीय राजमार्ग को खोल देगा, फांगछेंग बंदरगाह और छिंगझोउ बंदरगाह के बीच दूरी को कम कर देगा। बेइबू खाड़ी आर्थिक क्षेत्र के उच्च-गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने और पश्चिम में नए भूमि-समुद्र गलियारे के निर्माण में सहायता करने के लिए इसका बहुत महत्व है।

# बॉक्सिंग-डे टेस्ट में भारतीय टीम को मिली हार, ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 2-1 से बनाई बढ़त

मेलबर्न, (आरएनएस) । ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने चौथे टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम को 184 रन से हराते हुए सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल की।जीत के लिए मिले 340 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम यशस्वी जायसवाल की पारी (84) के बावजूद अपनी दूसरी पारी में 155 रन पर सिमट गई।अब सीरीज का आखिरी टेस्ट 3 जनवरी, 2025 से सिडनी में खेला जाएगा।आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में स्टीव स्मिथ के शतक (140) की मदद से 474 रन बनाए।जवाब में भारतीय टीम ने नितीश रेड्डी के शतक (114) की बदौलत 369 का स्कोर बनाया।इसके बाद बढ़त हासिल करने वाली मेजबान टीम जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी (5/57) के सामने अपनी दूसरी पारी में 234 रन बनाए।जवाब में भारत का स्कोर एक समय 121/3 था। इसके बाद भारत ने 21.3 ओवर में अपने आखिरी 7 विकेट गंवाए।स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 34वां शतक लगाया। उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के एलिस्टेयर कुक (33) और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के केन विलियमसन (33) को शतकों के मामले में पीछे छोड़ दिया है।इसके अलावा इस स्टार खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में श्रीलंका के पूर्व दिग्गज महेला जयवर्धने (34), वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा (34), भारतीय टीम के सुनील गावस्कर (34) और पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज यूनुस खान (34) की बराबरी कर ली है।



स्मिथ भारत के खिलाफ सर्वाधिक टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के जो रूट का रिकॉर्ड तोड़ा।रूट ने 55 पारियों में भारतीय टीम के खिलाफ 10 टेस्ट शतक लगाए हैं। स्मिथ के अब 43 पारियों में 11 शतक हो गए हैं।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्मिथ भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं। रिकी पोटिंग ने भारत के खिलाफ 14 शतक लगाए जबकि स्मिथ के अब 16 शतक हो गए हैं। जायसवाल ने 82 और 84 रन के स्कोर किए।उन्होंने इस साल 15 मैचों की 29 पारियों में 54.74 की औसत के साथ 1,478 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 3 शतक और 9 अर्धशतक अपने नाम किए। वह एक कैलेंडर वर्ष में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने।उन्होंने वीरेंद्र सहवाग (1,462) और सुनील गावस्कर (1,422) को पीछे छोड़ा।भारतीय बल्लेबाजों में एक कैलेंडर वर्ष में जायसवाल से ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (1,562) ने बनाए हैं।

रेड्डी ने मैच में 114 और 1 रन के स्कोर किए।वह मेलबर्न पर टेस्ट शतक जड़ने वाले दुनिया के तीसरे सबसे युवा बल्लेबाज बने। उन्होंने 21 साल 214 दिन की उम्र में यह कारनामा किया है।इंग्लैंड के जॉन हर्ने पहले पायदान पर हैं, जिन्होंने 1911 में 20 साल 222 दिन में शतक जड़ा था।इसी तरह पाकिस्तान के एजाज अहमद दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने साल 1990 में 21 साल 114 दिन की उम्र में शतक जड़ा था।

नितीश भारत की तरफ से नंबर 8 या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया में शतक जमाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।उनसे पहले सबसे बड़ी पारी अनिल कुंबले के नाम दर्ज थी, जिन्होंने 2008 में एडिलेड में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 87 रन बनाए थे।इस मामले में जडेजा तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने साल 2019 में सिडनी में 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 81 रनों की पारी खेली थी।

बुमराह ने 5 विकेट हॉल के दौरान अपने 200 विकेट भी पूरे किए। इस दौरान उन्होंने ऐसा कारनामा किया जो आज तक कोई भी गेंदबाज नहीं कर पाया है।

## ऋषभ का विकेट मिलने पर हेड ने अलग तरीके से मनाया जश्न , सवाल भी उठे

मेलबर्न (ए)। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में भले ही रन नहीं बनाये पर इसकी कमी अपनी गेंदबाजी से पूरी कर दी। यहां मैच के अंतिम दिन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे ऋषभ पंत का विकेट मिलने पर हेड इतने उत्साहित हो गये कि



अलग ही अंदाज में जश्न मनाने लगे। हेड ने विकेट मिलने पर अपनी एक उंगली को अपने दूसरे हाथ से बनाए गए एक घेरे में घुमाया। इस अजब जश्न को लेकर लोग हैरान हो गये। कुछ लोगों को यह मजेदार लगा जबकि अन्य इसपर नाराज दिखे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस क्लिप को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया हालांकि बाद में इसे डिलीट कर दिया जिससे भी माना जा रहा था कि ये विवादास्पद था।

किसी को समझ नहीं आया कि हेड का जश्न किस बात को लेकर था। कुछ लोगों ने इसे अजीब कहा, वही कई लोगों को ये गलत लगा। इस बात पर भी चर्चा शुरू हो गई कि क्या इसने कोई नियम तोड़ा है, लोगों को आश्चर्य हुआ कि क्या इसे अश्लील इशारे के लिए लेवल 1 अपराध के रूप में रखा जा सकता है। वहीं कमेंटेटर जेम्स ब्रेशॉ ने कहा कि ट्रैविस हेड ने उस समय अपनी उंगली पर बर्फ लगाने के बारे में कुछ कहा था, और ऐसा लगता है कि यह उसी को लेकर था। वहीं यदि इशारा अनुचित माना जाता है, तो हेड को जुर्माना या निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

## बॉक्सिंग-डे टेस्टः यशस्वी जायसवाल को तीसरे अंपायर ने दिया आउट

### -मैदान में गूंजा चीटर का शोर

मेलबर्न, (आरएनएस) । मेलबर्न में खेले गए बॉक्सिंग-डे टेस्ट के 5वें दिन सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को तीसरे अंपायर द्वारा आउट करार दिए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया।रियल-टाइम स्निकोमीटर (आरटीएस या स्निको) में गेंद के बल्ले से लगने का संकेत न होने के बाद भी उन्हें आउट दिए जाने से प्रशंसक खफा हो गए। इसके बाद प्रशंसकों ने मैदान में करीब 10 मिनट तक चीटर-चीटर का नारा लगाया। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

दरअसल, भारत की दूसरी पारी का 71वां ओवर फेंक रहे पैट कमिंस की 5वीं गेंद पर जायसवाल ने बल्ला चलाया तो गेंद विकेटकीपर के दस्तानों में चली गई।इस पर कमिंस ने अपील की, लेकिन मैदान अंपायर ने उसे खारिज कर दिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस रिव्यु ले लिया।इस दौरान रियल-टाइम स्निकोमीटर में गेंद के बल्ले से लगने का कोई स्पष्ट संकेत नजर नहीं आया। इसके बाद भी तीसरे अंपायर ने जायसवाल को आउट करार दे दिया।

जायसवाल ने तीसरे अंपायर के निर्णय पर विरोध भी जताया, लेकिन आखिरकार उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा।इसके बाद मैदान में मौजूद दर्शकों का गुस्सा बढ़ गया। उन्होंने जायसवाल के जाते ही चीटर-चीटर पुकारना शुरू कर दिया। यह सिलसिला करीब 10 मिनट तक जारी रहा। इस शोर के कारण अंपायर भी काफी असहज नजर आए।बता दें कि भारत की दूसरी पारी में जायसवाल शीर्ष स्कोरर रहे हैं। उन्होंने 208 गेंदों में 84 रन की शानदार पारी खेली।

# साल 2024 में आईपीएल फ्रैंचाइजियों का राजस्व दोगुना हुआ




मुम्बई (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विश्व क्रिकेट की सबसे अमीर लीग है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शीर्ष 10 फ्रैंचाइजी का संयुक्त राजस्व वित्त वर्ष 24 में 3082 से दोगुना होकर 6797 करोड़ पहुंच गया है। इसका कारण इस मीडिया राइट्स को बताया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2022 में डिजनी स्टार और वायाकॉम 18 के साथ साल रिकॉर्ड 48 हजार 390 करोड़ का मीडिया राइट्स का करार किया था। मीडिया राइट्स के अलावा बीसीसीआई को टाटा ग्रुप, माई11सर्कल, सिएट और एंजेलवन सहित प्रमुख ब्रांडों के साथ बहु-वर्षीय प्रायोजन समझौतों से भी 4 हजार करोड़ से अधिक की कमाई होती है। बीसीसीआई की बढ़ती कमाई का एक कारया ब्रांड वैल्यू का बढ़ना भी है। आईपीएल का ब्रांड मूल्य साल 2023 की तुलना में 2024 में 13 फीसदी बढ़कर 12 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2009 में इसके 2 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन से छ गुना अधिक है। विशेष रूप से 4 फ्रेंचाइजी- चेन्नई सुपर किंग्स (सी.एस.के.), मुंबई इंडियंस (एम.आई.), रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आर.सी.बी.), और कोलकाता नाइट राइडर्स (के.के.आर.) की ब्रांड वैल्यू 100 मिलियन डॉलर से आगे निकल गयी है।

टीम प्रायोजन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई, जिससे वित्तीय स्थिरता बढीं। इसके अलावा, टिकटों की ऊंची कीमतों और स्टेडियम भरे होने से भी लाभ हुआ है। गुजरात टाइटास 776 करोड़ के साथ सबसे ऊपर है। वित्त वर्ष 23 में उनका राजस्व 359 करोड़ था।

## यशस्वी जायसवाल शतक बनाने से चूके, इस मामले में सहवाग-गावस्कर को पीछे छोड़ा

मेलबर्न, (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ बॉक्सिंग-डे टेस्ट में अपनी दूसरी पारी में भी शतक बनाने से चूक गए।मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में वह 208 गेंदों का सामना करते हुए 84 रन की जुझारू पारी खेलकर आउट हुए। इससे पहले मैच की पहली पारी में वह 82 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे।जायसवाल एक कैलेंडर वर्ष में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बने हैं।जीत के लिए मिले 340 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 33 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे।ऐसे में जायसवाल ने लगातार गिर रहे विकेटों के बीच एक छोर संभाले रखा। उन्होंने ऋषभ पंत के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की।वह मैच के तीसरे सत्र के दौरान पैट कमिंस का शिकार बने। उन्होंने 8 चौकों की मदद से 84 रन बनाए।जायसवाल के लिए यह साल शानदार बीता। उन्होंने इस साल 15 मैचों की 29 पारियों में 54.74 की औसत के साथ 1,478 रन बनाए।इस बीच उन्होंने 3 शतक और 9 अर्धशतक अपने नाम किए।वह एक कैलेंडर वर्ष में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने।उन्होंने वीरेंद्र सहवाग (1,462) और सुनील गावस्कर (1,422) को पीछे छोड़ा।भारतीय बल्लेबाजों में एक कैलेंडर वर्ष में जायसवाल से ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (1,562) ने बनाए हैं। यशस्वी ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2023 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।उन्होंने अब तक 24 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 34 पारियों में 55.18 की औसत से 1,766 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 4 शतक और 10 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* रन रहा है।यशस्वी ने अपने टेस्ट करियर में सबसे ज्यादा रन (712) इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ बनाए हैं।

## क्या बॉक्सिंग-डे टेस्ट में हार के बावजूद डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंच सकता है भारत?

मेलबर्न, (आरएनएस) । भारतीय क्रिकेट टीम को मेलबर्न में खेले गए बॉक्सिंग-डे टेस्ट में 184 रन से शिकस्त मिली। इस हार के साथ ही भारतीय टीम 4 टेस्ट के बाद फिलहाल बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 1-2 से पिछड़ गई।इस शिकस्त के साथ ही भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की डगर बेहद कठिन हो गई है। इस बीच भारत के डब्ल्यूटीसी के खिताबी मुकाबले में पहुंचने की सभी संभावनाओं पर एक नजर डालते हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में स्टीव स्मिथ के शतक (140) की मदद से 474 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने नितीश रेड्डी के शतक (114) की बदौलत 369 का स्कोर बनाया। इसके बाद बढ़त हासिल करने वाली मेजबान टीम जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी (5/57) के सामने अपनी दूसरी पारी में 234 रन बनाए।जवाब में भारत का स्कोर एक समय 121/3 था। इसके बाद भारत ने आखिरी सत्र में 21.3 ओवर में अपने आखिरी 7 विकेट गंवाए। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की डब्ल्यूटीसी 2023-25 में 10 वीं जीत है और पैट कमिंस के नेतृत्व वाली टीम 61.46 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। इस हार के साथ भारतीय टीम 52.78 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद है। मौजूदा चक्र में 18 में से 9 टेस्ट जीते हैं और 7 टेस्ट हारे (ड्रॉ-2) हैं।दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम 66.67 प्रतिशत अंक के साथ फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन चुकी है। भारत को डब्ल्यूटीसी 2023-25 में अपना आखिरी टेस्ट 3 जनवरी से खेलना है। यदि भारत सिडनी में अपना आखिरी मैच जीतता है और सीरीज 2-2 से ड्रॉ होती है, तो इस स्थिति में 55.26 प्रतिशत अंक के साथ अपना चक्र समाप्त करेंगे।इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका दौरे पर 2 टेस्ट खेलने हैं।

# राजस्थानी कलाकारों के श्रेष्ठ गायन व नृत्य प्रस्तुति हुई

नर्मदापुरम (निप्र)। स्प्रिंगडेल्स स्कूल में विद्यालय में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें नर्मदापुरम के प्रख्यात साहित्यकार अशोक जमनानी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु स्पिक मैके से रोजे खान व राजस्थानी मांगणियार बंधुओं ने अपने श्रेष्ठ गायन प्रस्तुति द्वारा सभी का हृदय जीत लिया। विद्यार्थी मंत्रमुग्ध हो गए तथा उन्हें अपनी संस्कृति और राजस्थानी कला को समीप से जानने का मौका मिला। अभिनंदन कार्यक्रम में साहित्यकार अशोक जमनानी को महादेवी वर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं भवानी शंकर शर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पं गिरजा शंकर शर्मा विशिष्ट अतिथि कवि संतोष व्यास, पं अरुण शर्मा अध्यक्ष स्पिक मैके चैप्टर नर्मदापुरम, सुनील बाजपेई अध्यक्ष स्पिक मैके इटारसी रहे। साथ ही कार्यक्रम में डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी सुभाशीष चटर्जी प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने अतिथियों का पुष्पहार से



स्वागत किया। डायरेक्टर डॉ आशीष चटर्जी द्वारा अशोक जमनानी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए स्वागत उद्बोधन दिया। अभिनंदन पत्र का वाचन पं अरुण शर्मा द्वारा किया गया। अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत शाल श्रीफल स्मृति चिह्न तथा अभिनंदन पत्र देकर जमनानी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जमनानी ने बच्चों को बताया कि जीवन सहज व सरल ढंग से जिया जा सकता है। कहानी के माध्यम से उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि अनुशासित जीवन नितांत आवश्यक है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पं गिरजा शंकर शर्मा ने कहा कि अशोक जमनानी अच्छे साहित्यकार है। भवानी शंकर शर्मा ने अशोक जमनानी को महादेवी वर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर बधाई प्रेषित की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य की और सदैव अग्रसर रहना चाहिए। आभार प्रदर्शन स्कूल प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने किया। कार्यक्रम में महेंद्र चौकसे, अजय श्रीवास्तव, गुनमति मिश्र, कृष्णपाल सिसोदिया, सुभाष यादव, सुरेश सिंह राजपूत, हृदयेश चौबे, रितेश मालवीय, श्रावणी तिवारी, अमित पाराशर, अथर्व दुबे सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

### सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल माखन नगर में कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला रोजगार अधिकारी एबी खान और धर्मेश तिवारी के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को बेहतर विकल्प चुनने के लिए कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल माखन नगर में किया गया, वरिष्ठ शैक्षणिक परामर्शदाता डॉ.मयंक तोमर ने विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया और विद्यार्थियों से कहा कि कभी भी अपने शिक्षकों और सलाहकार से प्रश्न पूछने से न डरें, डॉ.तोमर ने कहा कि अपनी पढ़ाई पर निरंतर ध्यान देने से निश्चित रूप से लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी, सत्र के दौरान मनोवैज्ञानिक स्वाति गुप्ता और कार्यालय सहायक शिवानी नागले भी उपस्थित थे, स्कूल के प्रिंसिपल केके दुबे ने अतिथियों को धन्यवाद दिया, स्कूल विभाग से रचना जैन ने सत्र की व्यवस्था में करियर परामर्शदाताओं की मदद की।

# हिन्दोस्तान जाकर कहवा! नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को कर दिया भाव विभोर

नर्मदापुरम (निप्र)। साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति नर्मदापुरम द्वारा नर्मदा महाविद्यालय में नर्मदारंगम नाट्य महोत्सव के तहत सोमवार को हिन्दोस्तान जाकर कहवा! नाटक की प्रस्तुति दी गई।चन्द्रगुप्त विद्यालंकार द्वारा लिखित एकांकी भारत का विभाजन हो। जाने की रात की घटना पर आधारित है। पाकिस्तान बन जाने के कारण पश्चिम पंजाब से भारत आने के लिए मोटर लॉरियों का एक बडा काफिला चला आ रहा है। इसी लॉरी में भारत आने के लिए रवाना हुए एक वयोवृद्ध संभ्रांत सज्जन का परिवार जिसमें उनके दो युवक पुत्र देशराज व मुकुंदी और उनकी युवति पुत्री निर्मला सवार है। तभी अचानक उनकी लारी जो कि बहुत पीछे छूट जाती है। व इंजन की खराबी के कारण बंद हो जाती है। तभी इसी दौरान आततायियों द्वारा उनके दल पर हमला कर दिया जाता है। इस हमले में वृद्ध का बड़ा बेटा देशराज परिवार को बचाते हुए मारा जाता है। तथा वृद्ध की छाती में छुरे से वार कर दिया जाता है। मुकुंदी और निर्मला जैसे तैसे वृद्ध पिता को बचाकर सडक से दूर एक खेत में छिपकर बैठ जाते हैं। इसके उपरान्त होश में आने पर 71 वर्षीय वृद्ध पिता चल पाने में असमर्थ होने के कारण अपने बेटे मुकुंदी और बेटी निर्मला को उसी समय रात के सन्नाटे में आजाद हिन्दोस्तान चले जाने को कहता है। और वह कहता है बेटे मुकंदी तुम्हारा जीवन खतरे में है मेरी इकलौती बेटी की इज्जत खतरे में है। जाने से पहले तुम दोनों को भारत की बहुत बड़ी धरोहर के बारे में बताता हूँ जो हमें अपने वंशजों को दी पदर जानी है। इस धरोहर की खातिर तुम्हें जीना होगा बेटा। वह धरोहर एक वंश.परंपरागत जिम्मेदारी के रूप में है। हम भारत के सीमाप्रान्त के पहरेदार हैं अष्टम वर्ष हमारे पूर्वज भारत के सीमाप्रांत की रक्षा करते रहे हैं। आज हमें भी सीमा प्रांत पर हिन्दोस्तान की रक्षा करनी है। हमारे बाद हमारे वंशजो को भारत की रक्षा करती है। और उसके बाद उनके वंशजों को भी यही पुण्य कार्य करना है। इसी पुण्यकार्य के लिए में जीवित रहना होगा और अवसर आने पर अपना जीवन मातृभूमि पर न्यौछावर कर देना। यह जीवन तुम्हारा नहीं है। यह तुम्हारे देश का जीवन है। अंतिम बार मेरे मुंह अपने बहादुर पूर्व पुरुषो की अमर यशोगाथा सुनते जाओ। उसके बाद हिन्दोस्तान चले जाना इसके उपरांत पिता के पुनीत आदेश से बांधकर दोनो अपने मरणासन्न देवतुल्य पिता के जीवित और वीरभाई के निर्जीव शरीर एक लहराते हुए खेत में छोड़ आए हैं। जो खेत अभी कुछ दिन पहले तक हरे भरे पंजाब का एक भाग था, परन्तु अब वह पाकिस्तान बन चुका है। अनोखी आशा उन्हें हिन्दोस्तान की ओर खींचे ला रही थी।

# लक्ष्य निर्धारण कर योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पात्र हितग्राहियों को चिन्हित करे : कलेक्टर

### रैन बसेरा, धर्मशाला, धार्मिक स्थल, बस स्टैंड आदि स्थानों पर अलाव की उचित व्यवस्था की जाए



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर सुश्री मीना ने सभी जनपद सीईओ एवं नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविरों का प्रभावी ढंग से आयोजन किया जाए। केंद्र और राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र वंचित न रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनकल्याण पोर्टल के माध्यम से लंबित तथा स्वीकृत आवेदनों की स्थिति की नियमित रूप से समीक्षा करते रहें। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आधार लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, इत्यादि राजस्व प्रकरणों के साथ जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, भूमि अनुज्ञा प्रमाण पत्र इत्यादि सेवाओं के भी शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण कर उन्हें निर्धारित पोर्टल पर दर्ज कराएं। इसी प्रकार एमपीईबी, पशुपालन, मत्स्य, पीएचई, जल संसाधन, सामाजिक न्याय, श्रम इत्यादि विभाग सभी विभाग भी अपनी विभागीय योजनाओं के प्राप्त आवेदनों के निराकरण में गति लाएं। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविरों की सतत मॉनिटरिंग करें तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा एवं स्वयं भी अभियान अंतर्गत शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को हित लाभ वितरण करवाए। कलेक्टर ने भवन अनुज्ञा, मत्स्य पालन सहकारिता एवं पशुपालन विभाग द्वारा जारी किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन संख्या बढ़ाना भी सुनिश्चित करें। इसके लिए योजनाओं से संबंधित पात्र हितग्राहियों के लक्ष्य निर्धारण किया जाए एवं वंचित हितग्राहियों की सूची तैयार कर उनसे आवेदन प्राप्त करें। कलेक्टर ने सी.एस समीक्षा बैठक के बिंदुओं की विभाग बार समीक्षा कर सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बैठक के दौरान उठाए गए मुद्दों के संबंध में जानकारी अद्यतन की जाए तथा की जा रही कार्यवाही के संबंध में संबंधित विधायक गणों को भी पत्र द्वारा सूचित किया जाए। समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर ने वर्तमान में सीट लहर के प्रकोप को देखते हुए सभी एसडीएम, सीएमओ, सीईओ को निर्देशित किया है कि अधिकारियों के संबंधित क्षेत्र में स्थित रैन बसेरा, धर्मशाला, धार्मिक स्थल, बस स्टैंड आदि स्थानों पर अलाव की उचित व्यवस्था की जाए तथा अधिकारी रात्रि कालीन निरीक्षण कर उक्त स्थान पर ठंड से बचने के लिए कंबल, साफ सफाई आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

# रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 09 जनवरी को

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 09 जनवरी को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (ITI) नर्मदापुरम में किया जाएगा। रोजगार एवं स्वरोजगार में छात्र-छात्राओं को निजि क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार हितधारकों के लिये स्टॉल लगाये जायेंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि रोजगार के इच्छुक युवक एवं युवतियां https://forms.gle/dXdfwZiBfuaCjpwR~ पर अपना पंजीयन कर सकते है। रोजगार एवं स्वरोजगार मेला में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, परियोजना अधिकारी नगरीय विकास एवं आवास विभाग, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवयें पशु पालन विभाग, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम, पवारखेड़ा सहायक कृषि यंत्री कृषि अभियंत्रिकी विभाग, सहायक संचालक मछुआ कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सहायक संचालक मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण विभाग, प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उपसंचालक उद्यानिक विभाग, प्रबंधक कुटीर ग्रामोद्योग विभाग रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे। रोजगार मेला में वर्धमान (बुदनी), मदरसन कंपनी (गुजरात), बी.एस.डब्ल्यू फार्मास्यूटिकल्स (इंदौर), सम्हिता पी.एस.टी. इन्डस्ट्री, यशस्वी ऐकैडमी (भोपाल), नवकिसान बायोटेक, प्रथम एजुकेशन भोपाल, कौशल विकास केंद्र जबलपुर, भास्कर प्राइदे बैक, लिमिटेड (मंडीदीप), भारतीय जीवन बीमा, पुखराज, आई.सी.आई.सी.आई बैंक, ऐक्सिस फाइनेंशियन इनक्लूजन, एच.डी.एफ.सी. लाईफ आदि कंपनियां उपस्थित रहेंगी।

# श्रीमद्भागवत महापुराण भगवान का ही स्वरूप है-पं आचार्य अविनाश मिश्रा


### सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

### श्रीमद्भागवत सामूहिक मूलपाठ एवं संगीतमय कथा के समापन पर हुआ विशाल भंडारा

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदानगरी में निरंतर जारी होने वाले धार्मिक आयोजन की श्रृंखला में गीता मेरेज पैलेस में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवम सामूहिक मूल पाठ का सस्वर



आयोजन में कई परिवार एक साथ जुड़े। इस आयोजन ने एक अमिट छाप छोड़ी है। अपने पूर्वजों परिजनों की स्मृति में श्रीमद्भागवत महापुराण का विशेष अनुष्ठान हुआ। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। एक विशेषता यह रही कि वृन्दावन से पधारे विद्वान पुरोहितों द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण मूलपाठ किया गया। सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर श्रीमद्भागवत महापुराण के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। कथावाचक नर्मदांचल के वरिष्ठ आचार्य पं अविनाश मिश्रा ने मूलपाठ के महत्व को बताने के साथ ही सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता की कथा का वर्णन किया तो श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इसी प्रकार कथा को विस्तार देते हुए राजा परिक्षित उद्धार की कथा सुनाई। आचार्य पं श्री मिश्रा ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण भगवान का ही स्वरूप है। पौष पितृपक्ष में कथा के आयोजन व श्रवण का विशेष महत्व है। पं दिनेश तिवारी ने संचालन किया।



नर्मदापुरम (निप्र)। शहर के एंट्री पॉइंट चक्कर रोड थाना देहात द्वारा ब्रीथ एनालाइजर से शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही है। नए साल पर नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

# नर्मदापुरम् कला जगत द्वारा किस्सागोई कार्यक्रम आयोजित

### प्रभु राम की मर्यादा ही भारत का प्राण तत्त्व है-प्रभुदयाल रामायणी

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदा माटी के तिलक व्यक्तिव रामायण मर्मज्ञ प्रभुदयाल यादव रामायणी के आत्मकथ्य पर आधारित नर्मदापुरम् कला जगत का लोकप्रिय कार्यक्रम किस्सागोई पं रामलाल शर्मा विद्यालय में आयोजित हुआ। बिटिया आराध्या ने कार्यक्रम के केंद्र प्रभुदयाल यादव रामायणी, अतिथि पंडित भवानी शंकर शर्मा, एसएस ठाकुर पंडित गिरिजा शंकर शर्मा, राकेश फौजदार को रेवा.रज का तिलक कर अभिनन्दन किया। संस्था अध्यक्ष डॉ संतोष व्यास उपाध्यक्ष राकेश दुबे कोषाध्यक्ष राजेश कुलश्रेष्ठ संयुक्त सचिव डॉ राजपाल सिंह ने पुष्पाहार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया । संस्था सचिव डॉ नमन तिवारी ने किस्सागोई के विचार को स्पष्ट करते हुए अब तक संपन्न सत्रों का संक्षिप्त सन्दर्भ प्रस्तुत किया। श्री यादव ने सिलसिलेवार अपने जीवन से जुड़े अनेक प्रसंगों को रोचक ढंग से सुनाया। आपने बाल्यकाल से



रामायण के प्रति अपनी रुचि व उससे होने वाले अप्रत्याशित लाभों को सबके समक्ष रखा। साथ ही उपस्थित श्रोताओं के गूढ़ प्रश्नों का रामचरित मानस के विभिन्न प्रसङ्गों के माध्यम से अत्यंत ही सहजता और सटीकता से समाधान किया। पंडित शर्मा ने नर्मदापुरम कला जगत के प्रयासों की सराहना करते हुए श्री रामायणी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अरुण शर्मा गुणानन्द चौधरी उमाशंकर श्रोती शास्त्री नित्य गोपाल कटारे ओण्पीण्शर्मा डॉ एचएस द्विवेदी पंडित भालचंद्र खड्डर रामरतन सोनी श्रीमती शीला मिश्रा चौधरी बाबूलाल कदम राममोहन परसाई, मुकेश श्रीवास्तव, खेमचंद यादवेश संजय यादवए राम नवलानी, प्रदीप दुबे, विपिन दुबे, सुभाष यादव दिनेश श्रीवास्तव डॉ केशव मिश्रा प्रदीप दुबे दीप प्रकाश शर्मा आशीष चटर्जी सुरेश राजपूत पं सुनील चौरे श्रीराम परसाई अमित गुप्ता डॉ अंजलि मिश्रा श्रीमती आरती शर्मा श्रीमती राखी यादव सुश्री श्रावणी तिवारी श्रीमती सीमा दुबे श्रीमती अपर्णा तिवारी विजय सराठे रशीद खान पीएन त्रिपाठी परमानंद मालवीय पुरूषोत्तम श्रोती लोटन सिंह राजोरिया केण्के नागोरे प्रवीण साहू संजय उपाध्याय सुखदेव भार्गव देवेंद्र सिंह राठौड़ पियूष दुबे अर्कजीत सिंह चड्ढा सहित समाज के प्रबुद्ध जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर का गांव गांव में व्यापक प्रचार प्रसार कराकर हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करें - कमिश्नर श्री तिवारी

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर के.जी. तिवारी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरदा नर्मदापुरम एवं बैतूल जिले के कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर जहां जहां आयोजित किये जा रहे हैं वहां शिविर आयोजन से पूर्व व्यापक प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें। शिविर में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को बुलाकर उनसे विभिन्न समस्या एवं शिकायतों के आवेदन लेकर उनका तुरंत निराकरण कराया जाए। बताया गया कि नर्मदा पुरम में अब तक 313 बैतूल में 265 एवं हरदा में 300 शिविर आयोजित किए गए हैं, जहां पर हितग्राहियों से प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया है। कमिश्नर ने राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाई जाए, बताया गया कि अब तक नामांतरण के नर्मदापुरम में 1263 बैतूल में 419 हरदा में 1023 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

# 12 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा



नर्मदापुरम। सोहागपुर(निप्र)। अपर सत्र न्यायालय सोहागपुर द्वारा ग्राम करनपुर थाना.सोहागपुर, तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम् के 12 आरोपियों को धारा. 302,149 भादवि में आजीवन कारावास, 323,149 ;काउंट 04, भाण्दंण्वि में 06-06 माह का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक आरोपीगण को 10100-10100. रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। आरोपी देवेंद्र पिता मोहन सिंह, बिहारी पिता आलम सिंह, शुभम पता प्रीतम सिंह, गगन पिता श्यामलाल, मोहनलाल पिता आलम सिंह, प्रदीप पिता मोहन सिंह अनिकेत पिता किशन गुलाब सिंह हपता बाबूलाल करन पता हरिराम श्यामलाल पिता आलम सिंह अंकित पिता तखतसिंह एवं अर्जुन पिता हरिराम प्रकरण में अपर लोक अभियोजक सोहागपुर शंकरलाल मालवीय एवं सहा जिला अभियोजन अधिकारी बाबूलाल काकोड़िया ने बताया कि घटना 07 जून 2021 को सुबह करीब 10-40 बजे मृतक अनुराग ठाकुर एवं घायल अभिलाष ठाकुर, अंकित ठाकुर एवं आदित्य ठाकुर अपने खेत ग्राम.करनपुर में मूंग की दवाई सींच रहे थे, तभी पडोस के खेत में आरोपी देवेंद्र, मोहन बिहारी, प्रदीप, गगन अनिकेत, गुलाब, शुभम, करन, श्यामलाल, अंकित, अर्जुन, मयंक, अनमोल ग्राम करनपुर आये और बोले कि यहां तुम्हें खेती नहीं करने देंगे, सभी एक राय होकर हाथों में लाठी, डंडा लिये आये और गालियां देने लगे, इसी बात को लेकर अभिषेक ठाकुर के साथ प्रदीप पुर्विया व देवेंद्र पुर्विया ने डंडे से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आयीं। उसका भाई अभिलाष बचाने आया तो मोहन पुर्विया ने डंडे से पीठ पर मारा, अंकित ठाकुर को बिहारी पुर्विया व अनमोल पुर्विया ने मारपीट कर पीठ में चोटें पहुंचाई, भाई आदित्य आया तो उसे गुलाब पुर्विया ने डंडे से पीठ पर मारा, उसका छोटे भाई अनुराग पुर्विया को देवेंद्र पुर्विया ने डंडे से सीने में ठूसा मारा, जिससे उसे चोट आयी। प्रदीप पुर्विया ने अनुराग को गला पकड़कर गिरा दिया एवं डंडे से सीने पर मारा, शुभम पुर्विया ने अनुराग को लाठी से सीने पर मारा था, आरोपी अनमोल, मयंक, गुलाब ने भी अनुराग को लाठी से सीने पर मारा था, सभी आरोपीगण ने एकराय होकर अनुराग ठाकुर के साथ लाठी से मारपीट की थी, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी थी। घटना में आहत अंकित आदित्य, अभिलाष और मुकेश को चोटें आयीं थी। घायल अनुराग को उठाकर सोहागपुर अस्पताल लेकर आये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

# कमिश्नर सुदूर आदिवासी ग्राम मोर पानी पहुंच कर मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर में हुए शामिल

### एक हितग्राही को मृत्यु प्रमाण पत्र एवं एक को अन्य योजना का लाभ दिलाने के दिए निर्देश

### सरपंच एवं सचिव को प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों की प्रतीक्षा सूची चस्पा करने के दिए निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर के जी तिवारी सोमवार को केसला विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य ग्राम मोर पानी पहुंचे यहां आयोजित मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर में शामिल हुए। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित शिविर में कमिश्नर ने ग्रामीणो से आमने-सामने संवाद किया और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। सभी हितग्राहियों से कहा कि वह अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दे सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। मौके पर ही कमिश्नर ने श्रीमती कलावती बाई जिनके पति संतोष भुसारे का बैतूल के ग्राम मरामझिरी में निधन हो गया था। उनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश बैतूल की जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दूरभाष पर ही दिए। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए की मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात श्रीमती कलावती बाई को कल्याणी पेंशन एवं अन्य शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने एक और हितग्राही महिला राखी अखंडे को पति की मृत्यु के बाद शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, राशन कार्ड, गरीबी रेखा का कार्ड बनाकर दिलाने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव को दिए। साथ ही सचिव को निर्देश दिए कि वह हितग्राही श्रीमती राखी अखंड़े को संबल योजना में 2 लाख रुपए



की राशि का लाभ दिलाना भी सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने मौके पर ही मौजूद ग्राम पंचायत सचिव राजेश उइके एवं सरपंच हेमराज को निर्देश दिए कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रतीक्षारत हितग्राहियों के नाम पंचायत भवन की सूचना पटल पर दर्शित करें, साथ ही इस चीज का उल्लेख स्पष्ट रूप से करें कि कितने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास मिल चुका है। कितनों को मिलना है। कितने प्रधानमंत्री आवास पूर्ण है। और कितने अपूर्ण है। तथा कितने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत है तथा प्रतीक्षारत हितग्राही का नंबर कब आएगा। इन सब की सूची दर्शित करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने 6 वर्षीय विकलांग बालक मयंक जो 40 प्रतिशत तक एक पैर से विकलांग है को विकलांग पेंशन दिलाए जाने के निर्देश दिए। वही एक व्यक्ति अमर सिंह ने बताया कि उनके पास गरीब रेखा का कार्ड नहीं है और ना ही संबल योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि अमर सिंह के पास 15 से 20 एकड़ खेत होने के कारण उन्हें उक्त योजना का लाभ दिलाया जाना संभव नहीं है। शिविर में मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2008-09 में जो पट्टे स्वीकृत हुए थे वन विभाग वाले उसका नवीनीकरण नहीं कर रहे हैं। मवेशी चराने के लिए नई जगह नहीं मिल पा रही है। शमशान की जगह पर भी रोक लगाई जा रही है। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि पूर्व से ही अगर गोचर भूमि है जहां मवेशियां चरती रही है और पूर्व से ही यदि किसी स्थान पर शमशान है तो उस पर कोई रोक नहीं रहेगी। लेकिन वन ग्राम में नए श्मशान एवं नई गोचर भूमि संभव नहीं है। जंगल में यदि पुराने खेल मैदान गोठान और अन्य उपयोग पहले से यदि ग्रामीण करते आ रहे हैं तो वह अब भी उसका उपयोग कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा "शिवरानी भवन", क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com